


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल




वर्ष 03, अंक 189 | ग्वालियर गुरुवार 16 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


राजस्थान में सियासी घमासान

## कांग्रेस के 50 से ज्यादा पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** बगावती तेवर अख्तियर करने वाले सचिन पायलट पर कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी पालयट के समर्थन में अपना इस्तीफा दे रहे हैं। उप-मुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष पद से सचिन पायलट को बर्खास्त किए जाने के बाद राज्य के 9 जिलों के अब तक कम से कम 60 पार्टी के पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है। ये सात जिले हैं- अजमेर, पाली, चित्तौड़गढ़, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, नागौर, भरतपुर, जयपुर और टोंक। इन 60 में से 40 का इस्तीफा सिर्फ टोंक से आया है, जहां पर सचिन पायलट साल 2018 में विधायक चुने गए थे। टोंक से जिला



अध्यक्ष लक्ष्मण गाता, राज्य कांग्रेस समिति सदस्य सौद सैदी और 38 जिला पदाधिकारियों ने पद से इस्तीफा दिया है। हालांकि, उन्होंने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है। एक तरफ जहां सचिन पायलट के करीबी समझे जाने वाले पाली के जिला कांग्रेस अध्यक्ष चुन्नीलाल राजपुरोहित चाडवास, राज्य सचिव राजेश कुमावत और सोमेन्द्र गुर्जर ने पद से इस्तीफा दिया है तो वहीं कांग्रेस के माइन्स डेवलपमेंट अध्यक्ष डॉक्टर दुर्गासिंह राठौड़ ने भी पद से इस्तीफा दिया है। अजमेर में शहर के कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रताप यादव ने भी पायलट से समर्थन में पद छोड़ दिया।

### सिंधिया-पायलट प्रकरण बोले दिग्विजय सिंह- इन नौजवानों को सब्र नहीं है



अशोकनगर. राजस्थान में कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बगावती तेवर की वजह से मची उठापटक के बीच कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का बयान आया है. उन्होंने कहा इन नौजवानों में सब्र नहीं है. इन दोनों युवा नेताओं को पार्टी ने बहुत सम्मान दिया. सिंह ने सिंधिया पर निशाना साधते हुए कहा कि वह उस दुश्मन से हाथ मिलाया, जिससे वह हार चुके हैं. वरिष्?ठ नेता ने कहा कि दोनों नेताओं ने पार्टी अनुशासन के खिलाफ काम किया, जिसमें मुझे दुख है. राजस्थान में चल रहे सियासी ड्रामे को लेकर जहां भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल चिंतित हैं. वहीं, इसे मध्य प्रदेश में कुछ माह पहले हुए राजनीतिक घटनाक्रम का दोहराव भी माना जा रहा है. बहरहाल, नतीजा कुछ भी हो लेकिन इसे लेकर नेताओं के बयान जरूर सामने आने लगे हैं. कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी इस को लेकर बयान दिया. उन्होंने अपने मित्र और सहयोगी स्व. माधव राव सिंधिया और स्व. राजेश पायलट को याद करते हुए कहा उन दोनों ने पार्टी और देश के लिए इतना योगदान दिया.

### जो कांग्रेस पार्टी से जाना चाहता है जा सकता है



राजस्थान में सियासी उठापठक के बीच पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बागी होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अप्रत्यक्ष तौर पर हमला बोला है. पार्टी के छात्र संगठन एनएसयूआई की बुधवार 15 जुलाई को हुई बैठक में राहुल ने दो टूक कहा कि जो जाना चाहता है, वो जा सकता है. सूत्रों के अनुसार छात्र नेताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, अगर कोई जाना चाहता है, तो वह जा सकता है. इससे आप जैसे युवा नेताओं के लिए नए मौकों के दरवाजे खुलेंगे. राहुल गांधी और सचिन पायलट को अच्छा दोस्त माना जाता है. मगर उनकी बगावत की वजह से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल नाराज माने जा रहे हैं. राजस्थान में कांग्रेस और सचिन पायलट के बीच चली खींचतान के बाद पार्टी ने सचिन पायलट को प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री पद से हटा दिया है. साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उन पर हमला बोलते हुए उन पर विधायकों की खरीद-फरोख्त की डील करने का आरोप लगाया है. गहलोत ने कहा कि जो लोग सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र में शामिल हैं, वही लोग सफाई दे रहे हैं. हालांकि कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने फिर से कहा है कि अगर वह भाजपा में शामिल नहीं होना चाहते हैं तो घर लौट आएं.

भारत-ईयू सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

## हमारी साझेदारी विश्व में शांति और स्थिरता के लिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरन्द्र मोदी ने 15वें भारत-यूरोपीय यूनियन वर्चुअल सम्मलेन को संबोधित करते हुए भारत-ईयू को नेचुरल पार्टनर बताया। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टनरशिप विश्व शांति और स्थिरता के लिए उपयोगी है और यह वास्तविकता आज की वैश्विक स्थिति में और भी स्पष्ट हो गई है। पीएम ने आगे कहा- मार्च में कोविड-19 के चलते हमें भारत-ईयू सम्मेलन को रद्द करना पड़ा था। लेकिन, यह अच्छा है कि हम वर्चुअल माध्यम से एक साथ आए हैं। पीए मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों लोकतंत्र, बहुलवाद, समावेशिता, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के लिए सम्मान, बहुपक्षवाद, स्वतंत्रता और पारदर्शिता जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बाद वैश्विक आर्थिक जगत में नई चुनौतियां आई हैं। इसके समाधान के लिए लोकतांत्रिक देशों को



अवश्य एक साथ आना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि तत्कालीन चुनौतियों के अलावा जलवायु परिवर्तन जैसी दीर्घकालीन चुनौतियां भी हम दोनों के लिए ही प्राथमिकता हैं। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के हमारे प्रयत्नों में हम यूरोप के निवेश और तकनीक को आमंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा, आज हमारे नागरिकों की सेहत और समृद्धि, दोनों ही चुनौतियों का सामना कर रहें हैं। ऐसे में भारत-ईयू पार्टनरशिप आर्थिक पुनर्निर्माण में और एक मानव-केंद्रित और मानवता-केंद्रित ग्लोबलाइजेशन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।कोरोना महामारी से जूझ रही दुनिया के बीच पीएम मोदी ने कहा कि हमने अब तक करीब 150 देशों को दवाएं भेजी हैं। हमारे क्षेत्र में कोविड-19 के खिलाफ संयुक्त अभियान के लिए हमने कदम उठाए है।



### सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी,

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने बुधवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर सीबीएसई 10 वीं कक्षा के परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिए हैं. कुल 91.46प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है. पिछले वर्ष के 91.10प्रतिशत की तुलना में 0.36प्रतिशत प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इस साल लड़कियों ने 93.31 के पास प्रतिशत के साथ लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 90.14प्रतिशत है.

### मुकेश अंबानी का ऐलान अब 5जी सर्विस देगा जीओ

नई दिल्ली. रिलायंस इंडस्ट्रीज के 43वें एजीएम में अंबानी ने 5त्न को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि



जियो भारत में 5 जी सर्विस शुरू करेगा. मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो आने वाले तीन सालों में आधा 50 करोड़ मोबाइल कस्टमर जोड़ेगा. उन्होंने कहा कि जियो ने संपूर्ण 5जी तकनीक विकसित कर ली है, जो भारत में वर्ल्ड क्लास 5त्न सर्विस प्रदान करेगा. जैसे ही 5जी स्पेक्ट्रम उपलब्ध होंगे, इसके ट्रायल शुरू हो जाएंगे. फील्ड में इस्तेमाल के लिए अगले साल तक यह तकनीक तैयार की जा सकती है.

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को

### 300 करोड़ रुपये तक की पूंजीगत खरीद का दिया विशेष अधिकार

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ गतिरोध के मद्देनजर बुधवार 15 जुलाई को सेना के तीनों अंगों को 300 करोड़ रुपये तक की पूंजीगत खरीद का विशेष अधिकार प्रदान कर दिया, जिससे कि उभरती आपात अभियानगत आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके. अधिकारियों ने बताया कि खरीद से संबंधित चीजों की संख्या को लेकर कोई सीमा नहीं है और आपात




आवश्यकता श्रेणी के तहत प्रत्येक खरीद 300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नहीं होनी चाहिए. यह निर्णय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की बैठक में हुआ. रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, डीएसी ने 300 करोड़ रुपये तक की तात्कालिक पूंजीगत खरीद से जुड़े मामलों को आगे बढ़ाने के लिए सशस्त्र बलों को अधिकार प्रदान कर

### जम्मू-कश्मीर में खुले पर्यटन स्थल

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर- सरकार ने राज्य में पर्यटन को फिर से खोलने की अनुमति दी है। कश्मीर पर्यटन के निदेशक एनए वानी कहते हैं, पहले चरण में, हवाई यात्रा से आने वाले पर्यटकों ने होटल बुकिंग और वापसी टिकट की पुष्टि की है। उन्हें अनिवार्य रूप से टेस्ट से गुजरना होगा। गौरतलब है कि कोरोना वायरस के फैलाव में तेजी आने के बाद से बीते 22 मार्च के बाद से पूरे देश में लॉकडाउन लगा दिया गया। ये लॉकडाउन हटने के बाद भी स्थिति को देखते हुए पर्यटन स्थल पूरी तरह से बंद रखे गए थे।कोरोना आंकड़ों की बात करें तो 24 घंटे में रिकॉर्ड 28,498 कोरोना संक्रमित मिले हैं और इसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या 9 लाख के आंकड़े को पार कर 906752 हो गई। इसमें 3,11,565 मामले सक्रिय हैं। इस दौरान 553 लोगों की मौत हो गई और मृतकों की संख्या बढ़कर 23727 हो गई है।

## कोरोना का कहर : ग्वालियर 123 पॉजिटिव मुरैना में 45

**ग्वालियर।** अंचल में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है! शहर में बुधवार से शुरू हुए 7 दिन के लॉकडाउन के बीच आज 123 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए हैं! वही मुरैना में 45 शिवपुरी में 10 गुना में 9 तथा दतिया में 13 कोरोना पॉजिटिव पाए गए! आज कोई 2635 सैंपल जांचे गए! जन्नत ग्वालियर में 123




के सामने आए हैं! पिछले 1 सप्ताह से शहर में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने के कारण प्रशासन भी चिंता में आ गया है! प्रशासन की अपील के बाद भी लोग गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं! लोगों की इस लापरवाही के कारण शहर के अधिकांश इलाकों में कोरोना के मरीज सामने आ चुके हैं!

### भारत में 9,36,181 हुई कोरोना संक्रमितों की संख्या

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में रिकॉर्ड 29,429 कोरोना संक्रमित मिले हैं और इसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या 9,36,181 हो गई। इसमें 3,19,840 मामले सक्रिय हैं। इस दौरान 582 लोगों की मौत हो गई और मृतकों की संख्या बढ़कर 24,309 हो गई है। अब तक 5,92,032 मरीज कोरोना को हरा चुके हैं। बता दें कि आने वाले दिनों में बेंगलुरु और पुणे समेत कई शहरों के अधिकारी अलग-अलग अवधियों के लिए लॉकडाउन पुन- लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। उधर राजधानी दिल्ली में स्थिति में कुछ सुधार दिखाई दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सप्ताहांतों में शनिवार, रविवार को पूरे राज्य में कड़ी पाबंदियां लागू करने का फैसला किया है। इससे पहले कर्नाटक और तमिलनाडु ने रविवार का लॉकडाउन लगा रखा है। इधर, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और बिहार जैसे राज्यों ने अलग-अलग अवधियों में क्षेत्रवार लॉकडाउन की घोषणा की है। कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु में 14 जुलाई से सात दिन के लिए पूरी तरह लॉकडाउन का ऐलान किया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने मदुरै और आसपास के क्षेत्रों में पाबंदियां 14 जुलाई तक बढ़ा दी हैं। महाराष्ट्र सरकार ने पहले ही पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ में 13 से 23 जुलाई तक व्यापक लॉकडाउन की घोषणा की थी। राज्य सरकार ने मुंबई के आसपास के क्षेत्रों में भी इसी तरह बंद की घोषणा की थी। कश्मीर में भी अधिकारियों ने लॉकडाउन के एक और चरण के सख्ती से क्रियान्वयन की शुरूआत की तथा ऐतिहासिक लाल चौक को पूरी तरह बंद कर दिया। श्रीनगर के 67 अन्य क्षेत्रों को भी बंद कर दिया गया है जिन्हें पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के मामले अचानक से बढ़ने के बाद निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। हालांकि दिल्ली में खबरें कुछ सकारात्मक हैं जहां रविवार को कोविड-19 के मामलों की संख्या लगातार दूसरे दिन 2,000 से कम रही।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

गोहद विधानसभा की वर्चुअल रैली में बोली केंद्रीय मंत्री तोमर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष झा

# पांच साल चल जाती, तो बंटाढार से भी बदतर होती कमलनाथ सरकार : नरेंद्र सिंह तोमर

## कमलनाथ सरकार ने सिर्फ राजनीतिक विद्वेष की भावना से काम किया: प्रभात झा

भिंड। 2018 के चुनाव में वोट भारतीय जनता पार्टी को अधिक मिले लेकिन कुछ सीटें ज्यादा मिलने से सरकार कांग्रेस की बनी। लेकिन साल-सवा साल में ही पूत के पांव पालने में दिख गए। कमलनाथ सरकार के इन सवा साल में प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर था, अत्याचार चरम पर था और अनाचार भी चरम पर था। अगर यह सरकार 5 साल चल जाती तो क्या स्थिति होती ? दिग्विजय सिंह की सरकार ने तो 10 सालों में बंटाढार का खिताब हासिल किया था, लेकिन कमलनाथ सरकार तो पांच साल में ही बंटाढार से बदतर साबित हो जाती। यह बात बुधवार को केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्रसिंह तोमर ने गोहद विधानसभा की वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुए कही। रैली को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रभात झा ने भी संबोधित किया। श्री तोमर ने कहा कि 2018 में जब हम चुनाव लड़ रहे थे तो वह प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का चुनाव था, शिवराज सिंह जी को मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव था। लेकिन अब जो चुनाव हो रहा है, यह ना सरकार बनाने का चुनाव है और ना किसी को मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव है। दोनों चुनावों के अंतर को समझना हर कार्यकर्ता के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि अब जो चुनाव होने जा रहा है, यह सरकार बचाने का चुनाव है और इस बात का चुनाव है कि शिवराज सिंह जी मुख्यमंत्री बने रहें। श्री तोमर ने कहा





कि प्रदेश की जनता के भाग्य से कांग्रेस में सिंधिया जी के नेतृत्व में आंतरिक विद्रोह हुआ और कमलनाथ सरकार धराशायी हो गई। इसके बाद श्री शिवराज सिंह चौहान फिर मुख्यमंत्री बने। उन्होंने उस संबल योजना को फिर शुरू कर दिया, जिसे कमलनाथ सरकार ने बंद कर दिया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्यादान योजना, तीर्थ दर्शन योजना जैसी जनहित से जुड़ी योजनाओं को दोबारा चालू किया, जिन पर कमलनाथ सरकार ने रोक लगा दी थी। उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार तो समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन ही नहीं कर रही थी, लेकिन शिवराज सरकार ने ना सिर्फ पंजीयन किए, बल्कि गेहूं खरीदी में भी प्रदेश को नंबर वन बना दिया। उन्होंने कहा कि शिवराज जी ने उस चंबल एक्सप्रेस वे के काम को आगे बढ़ाया, जिसे कांग्रेस सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था। इसके साथ ही गोहद क्षेत्र और समूचे चंबल अंचल के लिए एक और अच्छी खबर यह है कि रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भिंड और मुरैना जिलों की सीमा पर सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए मंजूरी दे दी है। श्री तोमर ने कहा कि जब हम गोहद के बारे में सोचते हैं तो हमारी दृष्टि 2003 के पहले की स्थिति पर जाती है। उस समय यहां की स्थिति क्या थी ? श्री तोमर ने कहा कि यहां पर जो भी सड़कें बनी हैं, जो भी पुल बने हैं और जो भी विकास दिखाई देता है वह सब भाजपा सरकार के कारण हैं। रतनगढ़ में सिंध नदी पर जो डैम बन रहा है, उसका पानी गोहद तक भी आएगा और यह भी भाजपा सरकार की बदौलत संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें यह बात समझना होगी कि अगर भाजपा सरकार है, तो विकास है और कांग्रेस है तो विनाश है। श्री तोमर ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए तपस्या, साधना और कार्यकर्ताओं का समर्पण चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में कुछ नए लोग हमारे परिवार में शामिल हुए हैं, लेकिन यह पूरा परिवार भाजपा का परिवार है। उन्होंने कहा कि अब हमें कंधे से कंधा और कदम से कदम मिलाकर काम करना होगा। श्री तोमर ने कहा कि इस परिवार की विजय कैसे हो यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए और हर कार्यकर्ता यह संकल्प ले कि हम गोहद में कमल खिलाएंगे, भाजपा सरकार को स्थायी बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रभात झा ने कहा कि कांग्रेस ने वचन पत्र में जो बातें कहीं उसे पूरा करने के बजाए कांग्रेस की सरकार किस से कैसे बदला लिया जाए, उस दिशा में काम करती रही। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अत्याचार सहते हुए जनता के हक में लड़ाई लड़ी। जनता से किए वादे पूरे नहीं करने पर श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सरकार को सड़क पर उतरने की चेतावनी दी और जब उसे अनसुना कर दिया गया, तो उन्होंने सरकार को ही सड़क पर ला दिया। कांग्रेस सरकार अपने अंतर्विरोध और अंतर्कलह के कारण गिर गयी। झा ने कहा कि कोरोना संकट में शिवराज जी मुख्यमंत्री बने, लेकिन कम समय में शिवराज सरकार ने चौतरफा सौगातें देकर इतिहास रच दिया है। श्री झा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का ही नतीजा था कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 एवं 35 ए का उन्मूलन हुआ और सीएए लागू हुआ। मोदी सरकार ने देश में 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई,9 करोड़ शौचालय बनवाए और मुद्रा योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भारत के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाए। मोदी सरकार ने 6000 रूपए सालाना के हिसाब से किसानों के खातों में रुपये पहुंचाएं। समाज के हर व्यक्ति और हर वर्ग के लिए मोदी सरकार ने काम किया है। उन्होंने कहा कि गांधीजी, लालबहादुर शास्त्री जी और अटल जी के बाद श्री नरेंद्र मोदी जी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनकी बात पूरा देश मानता है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी जी के पीछे पूरा भारत खड़ा है। श्री झा ने कहा कि केंद्र में श्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश में श्री शिवराज सिंह चौहान जी जन सेवा के महायज्ञ में लगे हुए हैं। कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजना का अध्ययन करें और घर-घर दस्तक दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की देश और प्रदेश में बड़ी ही दयनीय हालत है। कांग्रेस मंडल, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व विहीन है।

# डबल मर्डर में फरार चल रहे, दस हजार के ईनामी को अटेर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिण्ड(मोहित गोस्वामी)।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा अटेर एसडीओपी सुरेन्द्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत अटेर पुलिस ने डर्बल मर्डर में फरार चल रहे, दस हजार के इनामी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की।थाना प्रभारी संजय सिंह इक्का से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी गिर्राज सिंह भदौरिया पुत्र जण्डेल सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी खडेरी का पुरा विगत वर्ष 18 मार्च 2019 को दो लोगों की निर्मम हत्या कर फरार हो गया था, जिसके विरूद्ध अटेर थाने में अपराध क्रमांक 45/19 धारा 302,



307, 147, 148, 149 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश प्रारम्भ कर दी थी, जिसको पकडने के लिए पुलिस ने कई बार आरोपी के ठिकानों पर दविश दी, लेकिन पुलिस को घुमाता रहा, तभी पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु दस हजार का ईनाम घोषित किया गया। आज विशेष सूत्र द्वारा मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि आरोपी खड़ेरीपुरा में आया हुआ है, तभी अटेर थाने में पदस्थ्य सब इंस्पेक्टर अतुल भदौरिया ने अपने दल-बल के साथ घेराबंदी कर आरोपी को मौकास्थल से धर दबोचा। आरोपी को पकडने में थाना प्रभारी संजय सिंह इक्का, सब इंस्पेक्टर अतुल सिंह भदौरिया, आरक्षक अभिषेक, योगेन्द्र, दीपक, विकास, अवनीश शर्मा का विशेष योगदान रहा।

### अरविंद भदौरिया जी ओ पी एस भदौरिया जी को मध्य प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर हार्दिक बधाई

**भिण्ड।** अरविंद भदौरिया जी एवं ओ पी एस भदौरिया जी को मध्य प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर



भारतीय नमो संघ द्वारा बहुत बहुत बधाई। हमें आशा ही नहीं वरन पूर्ण रूप से विश्वास है कि आप दोनों भिंड के विकास के लिए कार्य करेगें। भिंड क्षेत्र में साधन व प्रतिभाओं की कमी नहीं है। यहां के लोग परिश्रमी हैं,यदि उनको अवसर मिले तो वे जीवन में बहुत आगे बढेंगे।

**छाया शर्मा सोशल मीडिया जिला प्रभारी भारतीय नमो संघ भिंड मध्य प्रदेश**

## दिग्विजय सिंह एवं पी सिंह कक्काजू का पहेली बार नगर पंचायत रन्नौद आगमन पर




बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया और नारे लगाए कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के और इधर पूर्व मंडी अध्यक्ष श्री जय किशन माझी और ब्लॉक अध्यक्ष श्री नाथू नाम केवट जी के द्वारा भव्य स्वागत किया गया और फलों से तौला और कांग्रेश कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष श्री नाथूराम केवर जी के द्वारा श्रीफल साल पहनाकर स्वागत किया गया और श्री दिग्विजय सिंह जी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा की सिंधिया जी के बारे में बताया गया जिस पार्टी से हारे थे वह उसी पार्टी में चले गए यह तो दुश्मनी से हाथ मिलाना हो गया और जिस पार्टी ने हराया उसी की पाली में जा बैठे ऐसा मैंने नहीं देखा,

## तेज रफ्तार दो बाइक सवार की आमने-सामने भिड़ंत, घायलों को जिला अस्पताल पहुचाया

**दिनारा।** दिनारा क्षेत्र के अंतर्गत आने बाला ग्राम छितीपुर में सोमवार की शाम दो मोटरसाइकिलो की आपस में टक्कर हो गई जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से सबसे ज्यादा चोट जानकारी के अनुसार साहब सिंह लोधी निवासी टीला दवरा को आई सहाब सिंह लोधी अपनी मोटर साइकिल से पिछोर से अपने गांव दवरा जा रहा था तभी सामने से आ रहे हेमंत वंशकार अपने दोस्तों के सात तेज गति से दिनारा की तरफ से हिम्मतपुर जा रहा था तभी सामने से आ रहा साहव सिंह लोधी की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सहाब सिंह लोधी दवरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी सूचना गांव के लोगों ने पुलिस को दी दिनारा पुलिस मोके पर पहुँची और घायलों को 108 एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।



## गल्ला व्यापारी ने फांसी लगाकर दी जान



**रिपोर्टर खेरागढ़:-राजकुमार राजपूत**

थाना खेरागढ़ के गल्ला व्यापारी60 वर्षीय बुजुर्ग भगवान दास अग्रवाल ने गुरुवार की सुबह रहस्यमय स्थिति मे वाण गंगा नदी की पुल रेलिंग पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली गल्ला व्यापरी हर रोज की भांति घर से टहलने निकले थे.उसी दौरान यह घटना घटित हुई है सूचना पर खेरागढ़ थाना प्रभारी अवधेश कुमार अवस्थी मय फोर्स के साथ पहुँच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मामला खेरागढ़ कस्बे के सैपऊ मार्ग का है

### आधार लिंक कराएं अन्यथा नही मिलेगा राशन

**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान प्राप्त करने वाले समस्त हितग्राही खाद्यान पर्ची में अपने अपने राशन कार्ड लिंक करा लेवें।दबोह मुख्य नगर पालिका अधिकारी एन आर खेंगर ने बताया कि खाद्यान पाने वाले हितग्राही खाद्यान पर्ची में अपना अपना आधार कार्ड 31 जुलाई 2020 तक अपने राशन की दुकान पर जाकर लिंक करा लें अन्यथा आधार लिंक न होने की स्तिथि में उन्हें राशन मिलना बंद हो जाएगा इसलिए जल्द से जल्द आधार कार्ड जुड़वाए।

### विधानसभा क्षेत्र 12-मेहगांव एवं 13-गोहद हेतु कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक

**भिण्ड(अर्पित गुप्ता)।** उप निर्वाचन 2020 विधानसभा क्षेत्र 12-मेहगांव एवं 13-गोहद हेतु कानून व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बैठक 15 जुलाई 2020 को सायं 4.30 बजे जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी भिण्ड ने पुलिस अधीक्षक भिण्ड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड, एसडीएम मेहगांव एवं गोहद तथा लहार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मेहगांव, गोहद एवं लहार, आबकारी अधिकारी भिण्ड, जिला परिवहन अधिकारी भिण्ड, तहसीलदार मेहगांव, गोहद एवं रौन एवं थाना प्रभारी विधानसभा क्षेत्र मेहगांव एवं गोहद को पत्र जारी कर कहा है कि उप निर्वाचन 2020 मेहगांव एवं गोहद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें।

## कैबिनेट सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदोरिया ने बल्लभ भवन पहुंचकर अपने कक्ष में किया गणेश पूजन


**भिंड।** मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट सहकारिता मंत्री डॉक्टर डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत वल्लभ भवन सचिवालय पहुंचकर अपने कक्ष में गणेश पूजन के साथ प्रवेश करते हुए अपना पदभार ग्रहण किया भागवत आचार्य द्वारा गणेश पूजन कराया गया। भाजपा पीपरी मंडल द्वारा प्रदेश के सहकारिता मंत्री भदोरिया के पदभार ग्रहण किए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदोरिया के स्थित निवास अटेर रोड पर मिष्ठान वितरण कर एवं आतिशबाजी चलाकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य शिवराज सिंह यादव लाला ने कहां अटेर क्षेत्र के विकास के लिए सहकारिता जैसा महत्वपूर्ण विभाग अरविंद सिंह भदोरिया को सौंप कर विकास के लिए संकल्पित किया है और निश्चित ही किसानों गरीब मजदूर आम जनों की समस्याओं का समाधान होगा । इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जनपद अध्यक्ष अटेर नरोत्तम सिंह नरवरिया एडवोकेट ने कहा किसानों से जुड़ा सहकारिता विभाग अरविंद सिंह भदौरिया को



सौंपा गया है निश्चित ही कितनी भी सहकारिता से जुड़ी योजनाएं किसानों के हर घर तक पहुंचेगी और क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा । मिष्ठान वितरण समारोह में किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदोरिया एवं पीपरी मंडल के अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया एवं ग्राम पंचायत लावन सरपंच लालजी सिंह नरवरिया ने कहा अरविंद सिंह भदोरिया ने सत्ता और संगठन के माध्यम से समाज सेवा का व्रत लेते हुए प्रदेश के विकास के लिए सहकारिता की योजनाओं को हर गरीबों तक पहुंचाने का काम करेंगे । इस अवसर पर राजीव सिंह भदोरिया रुदौली आकाश सिंह भदोरिया रुदौली ओमेंद्र सिंह भदोरिया प्रदीप शर्मा खिलौना वासुदेव यादव नागेंद्र भदोरिया गोविंद सिंह भदोरिया अभिषेक पुरोहित अनिल भदौरिया श्री तोमर सरपंच देहरा आदि लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

## अम्बाह रोटरी क्लब के तीसरी बार अध्यक्ष बने अंकित मिश्रा...


**अम्बाह।** रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3053 की स्थानीय इकाई रोटरी क्लब अंबाह की नवीन कार्यकारिणी का गठन वरिष्ठ पदाधिकारियों से सलाह मशवरा कर किया गया है यह कार्यकारिणी एक वर्ष तक कार्य करेगी खास बात यह है कि कार्यकारिणी ने सर्व सहमति से तीसरी बार अंकित मिश्रा को अध्यक्ष व सचिव मनोज शर्मा को बनाया है इसी तरह कोषाध्यक्ष पद पर श्री निवास शर्मा मंटो को नियुक्त किया है इस मौके पर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने यह संकल्प लिया है जिस तरीके से रोटरी क्लब अंबाह में सेवा कार्य करते आई है उसी तरीके से आगे भी तेज गति से सेवा कार्य होते रहेंगे, अंकित मिश्रा ने कहा कि तीसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने से वहां अपने आप को गौरवान्वित महसूस करने के साथ-साथ यह भी महसूस कर रहे हैं कि सेवा कार्य के प्रति उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ी है निश्चित तौर पर रोटरी क्लब अपने सेवा कार्यों को और भी तेज गति से चलाएगा उन्होंने सभी सदस्यों के प्रति आभार भी व्यक्त किया



## आज मैं जिस बारे में बात करना चाहता हूं वहां सुशांत सिंह राजपूत है मैंने अपनी लाइफ में आज तक कभी भी अपने काम के अलावा दोस्तों एवं परिवार के अलावा किस ओर के बारे में बात नही की है,

**राहुल कुमार पुष्पांजली टुडे**

आगरा। आज मैं जिस बारे में बात करना चाहता हूं वहां सुशांत सिंह राजपूत है मैंने अपनी लाइफ में आज तक कभी भी अपने काम के अलावा दोस्तों एवं परिवार के अलावा किस ओर के बारे में बात नही की है, लेकिन अब सहन नहीं हो पा रही है अब मेरे से रहा नहीं जा रहा है,सुशांत सिंह राजपूत ने सुसाइड किया या फिर उसकी हत्या की गई,जो भी हुई उसकी सी बी आई जांच होनी चाहिए। मैं सुशांत सिंह राजपूत को निजी रूप से जानता हूं लेकिन अब तक उनसे मिला नहीं था ।इस साल अगस्त में जब मुंबई जाना होता तब उनसे मिलने का प्लान भी था उनके हमको छोड़ जाने का विश्वास तब भी नहीं हुआ था जब मेरे भाई अमोद लाभ ने मुझे कॉल करके यह दुखद समाचार दिया था और अब तक नहीं हो रही है सुशांत सिंह बहुत ऊर्जावान अभिनेता थे अभिनेता के साथ-साथ अच्छे इंसान भी थे। 34 साल की अल्पायु में कितने सफल थे ,पहले भी उनकी अभिनय मुझे अच्छी लगती थी लेकिन एम एस धोनी से उनका दीवाना बन गया। केदारनाथ में जो संजीदा अभिनय उन्होंने कि। उसको कला जगत और कला प्रेमी हमेशा याद रखेंग। बहुत जिंदादिल इंसान थे मैं उनके बारे में अधिक इसलिए जानता हूं कि उनके बहुत करीब लोग मेरे बहुत करीब है, इसलिए उनसे मिले ,बिना ही उनको जान पाया था इसी आधार पर बोल सकता हूं कि वह सुसाइड नहीं कर सकता है ,अब ये जांच की विषय हैं।जो अब तक की जांच में आ रही है की ये हत्या हैं, सोशल मीडिया की इस दावा के हर पहलू पर गौर से जांच करने की जरूरत है क्योंकि उसको पैसे की तंगी बिल्कुल भी नही थी, ये बात अबतक की पुलिस जांच में भी उभर कर आयी हैं ।एक बात जो खूब टोल हो रही हैं कि सुशांत को उनकी मूवी से निकाला जा रहा था। इसी बीच परिवारवाद × भतीजावाद शब्द को मीडिया अपने लाभ के लिए खूब प्रयोग की।।।।परिवारवाद × भतीजावाद पहले भी थी और अभी हैं और ये सिर्फ़ फ़िल्म उद्योग में नही सभी जगह हैं ये पूरी तरह से गलत भी नही हैं।।और छोटे शहर के आमलोग अपने मेहनत और प्रतिभा के बल पर सफल होते रहे हैं।।हाँ हम लोगो को अधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करनी होती हैं।।मुझे ही देखे मैं भी बिहार के एक छोटे सहर



तन्वी भदौरिया जी को

पुष्पांजली जनकल्याण फाउंडेशन में मध्यप्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर




हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# किसानों की एक-एक इंच भूमि तक पानी पहुंचाने के प्रभावी प्रयास करेंगे

## मुख्यमंत्री चौहान ने नाबार्ड के स्थापना दिवस पर महिला स्व-सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संघों, प्रगतिशील किसानों से बातचीत की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विजनरी लीडर और मैन ऑफ आइडिया है। उन्होंने कोविड की चुनौती को अवसर में बदला है तथा नए आत्मनिर्भर भारत का मंत्र एवं संकल्प लिया है। हम उसे पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाएंगे। इसके लिए खेती, किसान एवं गाँवों के अधिकाधिक विकास की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश में सिंचाई क्षमताएं बढ़ाने के लिए विशेष कार्य हुए हैं। गत वर्षों में हमने प्रदेश में सिंचाई क्षमता को 7.5 लाख हैक्टेयर से 42 लाख हैक्टेयर तक पहुंचाया है, इसमें नाबार्ड का महत्वपूर्ण योगदान है। आगामी समय में हम प्रदेश में किसानों की एक-एक इंच भूमि तक पानी पहुंचाने के प्रभावी प्रयास करेंगे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि नाबार्ड द्वारा आज मध्यप्रदेश के लिए 1425 लिफ्ट इरीगेशन% को स्वीकृति दी गई है। साथ ही अन्य परियोजनाओं के लिए 4 हजार करोड़ का ऋण भी स्वीकृत किया है। इसके लिए मैं नाबार्ड की पूरी टीम का पूरे हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में नाबार्ड के 39वें स्थापना दिवस के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों के महिला स्व-सहायता समूहों, कृषक



उत्पादक संघों के प्रतिनिधियों, प्रगतिशील किसानों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद सिंह भदौरिया, महाप्रबंधक नाबार्ड डॉ. डी.एस. चौहान , मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज गोविल आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश ने कृषि विकास में 24 प्रतिशत तक विकास दर हासिल की है। इसका एक प्रमुख कारण सिंचाई के क्षेत्र में विशेष प्रयास है। इस विकास दर को हासिल करने में नाबार्ड का विशेष सहयोग रहा है। नाबार्ड द्वारा कृषि, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं कृषि अधोसंरचना विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को सशक्त करने के लिए प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। सरकार अब इन्हें 4 प्रतिशत ब्याज दर पर आर्थिक गतिविधियों के लिए ऋण उपलब्ध कराएगी। नाबार्ड की ई-शक्ति योजना पर पूरा अमल किया जाएगा। महिला स्व-सहायता समूह लोकल को वोकल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान वी.सी. के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संघों के प्रतिनिधियों, प्रगतिशील किसानों से बातचीत की। रतलाम जिले की गंगा स्व-सहायता समूह की छपली बाई ने बताया कि उनका समूह ब्लॉक प्रिंटिंग, पंजाबी सूट बनाने, चूड़ी निर्माण आदि का कार्य करता है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी चादर की बहुत तारीफ होती है मुझे भी आपकी चादर देखनी है। इस पर छपली बाई ने प्रसन्न होकर मुख्यमंत्री को अपनी ब्लॉक प्रिंटिंग से बनाई चादर दिखाई। मुख्यमंत्री ने कार्य की सराहना की। उन्होंने संगम स्व-सहायता समूह देवास की श्रीमती नंदिनी वर्मा, दुर्गा स्व-सहायता समूह धार की धापू बाई तथा ओम जय जगदीश हो स्व-सहायता समूह की उमा रजक से भी बातचीत कर उनके स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान को रेवा किसान उत्पादन संगठन सीहोर के श्री प्रकाश मीना ने बताया कि उनका संगठन जैविक खेती, बीज उत्पादन, सब्जी उत्पादन, दूध संग्रहण, मवेशी उपलब्ध कराने का कार्य करता है तथा उनका वार्षिक टर्न ओव्हर 71.69 लाख रूपये है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्य की सराहना की। देवास के कृषि विशेषज्ञ डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले में रूफ वॉटर हारर्वेस्टिंग तकनीक को विकसित किया गया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता एवं भू-जल स्तर वृद्धि में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारा %देवास मॉडल% देशभर में प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा नाबार्ड की 2381.69 लाख रूपये की अनुदान सहायता परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इनसे प्रदेश के 10.82 लाख परिवार लाभान्वित होंगे। इनमें मुख्यतः स्व-सहायता समूहों संबंधी ई-शक्ति परियोजना (प्रदेश के सभी जिलों में) 1587 लाख, प्रवासी मजदूरों के लिए आजीविका कार्यक्रम 275.67 लाख, वित्तीय साक्षरता एवं समावेशन कार्यक्रम 321.89 लाख, कृषि उत्पादक संघ, वाटरशेड परियोजना 196.89 लाख रूपये की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों के रोजगार के लिए कृषि क्षेत्र के 5 मॉडल प्रोजेक्ट्स और प्रदेश में नाबार्ड के योगदान की किताबों का विमोचन भी किया।


# मंत्री अरविंद भदौरिया ने लोक सेवा प्रबंधन विभाग की समीक्षा की



**भोपाल।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया ने बुधवार को मंत्रालय में लोक सेवा प्रबंधन विभाग से संबंधित कार्यों व गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने लोक सेवा केन्द्रों तथा सी.एम. हेल्पलाइन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिये। मंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि कॉल सेन्टर में मुख्यमंत्री के संदेश व शासकीय योजनाओं से संबंधित अलग-अलग विषयों पर आधारित कॉलर ट्यून तैयार कराकर उपयोग की जाये ताकि शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी हो सके। प्रमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी ने बताया कि नागरिक सेवा प्रदाय प्रणाली को बेहतर बनाने, लोक सेवा गारंटी क्रियान्वयन, सेवा प्रदाय के सरलीकरण, नागरिक शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से विभागान्तर्गत वर्ष 2013 में राज्य लोक सेवा अभिकरण की स्थापना की गई थी। बैठक में अभिकरण की संरचना, सामान्य निकाय व शासी समिति की संरचना के अलावा अभिकरण के स्वरूप के संबंध में भी पॉवर-प्वाइंट प्रेजेनटेशन के माध्यम से अवगत कराया गया।ैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लोक सेवा केन्द्रों द्वारा प्रदाय की जा रही नागरिक सुविधाओं, समाधान एक दिवस, सीएम हेल्पलाईन, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर से भी संबंधित गतिविधियों से अवगत कराया गया। विभाग द्वारा नागरिक सुविधाओं की बेहतरी के लिये दी जा रही प्रमुख सेवाओं की भी जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाईन के प्रारंभ से लेकर अब तक कुल 1.16 करोड़ लगभग शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 1.12 करोड़ से अधिक शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। इस प्रकार कुल प्राप्त शिकायतों के 97 प्रतिशत का निराकरण हो चुका है। उल्लेखनीय है कि निराकृत मामलों में से 62 प्रतिशत मामले संतुष्टिपूर्ण निराकृत हुए हैं। यह भी बताया गया कि सीएम हेल्पलाईन 181 कॉल सेन्टर में प्रतिदिन औसतन 40 हजार फोन अटेण्ड किए जाते हैं। बैठक में लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा आगे की रणनीतियों व तैयारियों के संबंध में भी प्रकाश डाला गया और बताया गया कि विभाग द्वारा एक एकीकृत पोर्टल तैयार कराया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की संरचना एवं ग ?तिविधियों से भी अवगत कराया गया। बैठक में प्रमुख सचिव लोक सेवा प्रबंधन श्री मनीष रस्तोगी व कार्यपालन संचालक राज्य लोक सेवा प्रबंधन अभिकरण श्री नंदकुमारम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल पटेल ने परिहार को दिलाई शपथ

**भोपाल।** राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने श्री सूर्य प्रताप सिह परिहार को मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ बुधवार को राजभवन लखनऊ में दिलाई।



# बच्चों को घर पर दें विद्यालय का माहौल स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री परमार

### हमारा घर-हमारा विद्यालय के सफल क्रियान्वयन के लिये पालकों से सहयोग की अपील

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने हमारा घर-हमारा विद्यालय कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिये पालकों से सहयोग का आव्हान किया है कि बच्चों को घर पर विद्यालय का माहौल दें। उन्होंने कहा कि कोरोना संकटकाल में विद्यार्थियों की शैक्षिक निरन्तरता बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, इस दिशा में स्कूल शिक्षा विभाग ने रेडियो पर %%रेडियो स्कूल%%, दूरदर्शन और लोकल चैनल पर %%क्लास रूम%% कार्यक्रमों के प्रसारण प्रारंभ करने के साथ ही व्हाटसएप के माध्यम से डिजीलेप कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी हित में प्रारंभ किया है। राज्य मंत्री श्री परमार ने कहा कि दक्षता उन्नयन की अभ्यास पुस्तिकाओं और इस वर्ष की पाठ्यपुस्तकों को भी हमारे शिक्षक साथियों ने कठिन परिश्रम कर बच्चों तक पहुँचाया है। इन सभी कार्यक्रमों के तहत किए जा रहे समवेत प्रयासों के क्रम में %हमारा घर-हमारा विद्यालय%% कार्यक्रम एक भावनात्मक पारिवारिक पहल है, जो बच्चों को परिवार के सहयोग से घर पर ही पढ़ाई को सुचारु रखने में सहयोगी बन रही है। योजना के तहत विद्यार्थी अब अपने घर पर ही विद्यालय के वातावरण में पढ़ाई कर रहे हैं। घर के अन्य सदस्य बच्चों का सहयोग कर रहे हैं।

### एसिड अटेक पीड़ितों को मिलेगी 5 हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता : मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल

**भोपाल।** प्रदेश में एसिड पीड़ितों को दी जाने वाली पेंशन के साथ-साथ अब उन्हें 5 हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता भी दी जायेगी। पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद निःशक्तजन विभाग द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव संबंधी पहली फाईल पर सहमति दी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा दी जाने वाली पेंशन का भुगतान समय पर किया जाए। आयुक्त निःशक्तजन श्री संदीप रजक ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 में दिव्यांगता की सूची में 7 से बढ़ाकर 21 प्रकार की कर दी गई है।

# वैध उत्खनन एवं परिवहन को सख्ती से रोका जाये - खनिज मंत्री सिंह

## विभागीय समीक्षा बैठक मे दिये निर्देश

**भोपाल।** खनिज साधन मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अवैध उत्खनन और परिवहन को सख्ती से नियंत्रित किया जाये। साथ ही राजस्व वसूली में सुधार की गुंजाईशे तलाशें, जिससे शासन की राजस्व आय में बढ़ोत्तरी हो सकें। उन्होंने निर्देश दिये की सभी रेत खदानों के जो भंडारण मंजूर हैं उनके भंडारण का भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया जाए की रेत खदान में मंजूरी अनुसार भंडारण हो रहा है या नहीं। खनिज मंत्री बुधवार को विभागीय समीक्षा कर रहे थे। खनिज मंत्री श्री सिंह ने विभागीय संरचना के संबंध में निर्देश दिये कि विभाग के सुदृढ़ीकरण के लिये रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाये। उन्होंने कहा कि पन्ना खदान कार्यालय को स्ट्रांग बनाये, जिससे खदान की मॉनिटरिंग बेहतर तरीके से हो सके। खनिज मंत्री ने बताया कि वृक्षारोपण करने का यह उचित समय है, अतः नदियों के किनारे वृक्षारोपण किया जाये, जिससे नदी के कटाव को रोका जा सके। उन्होंने



विभागीय कार्यों को सुव्यवस्थित रूप से करने के लिये भोपाल में खनिज काम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। खनिज मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विभाग अंतर्गत शिथिल खदानों को निरस्त कर नये सिरे से नीलामी की जाये। सचिव, खनिज साधन एवं प्रबंध संचालक श्री सुखवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में खनिज खदानों की संख्या 7285 है। जिसमें से 4271 खदानों मे कार्य प्रारंभ है। शेष 3014 खदानें शिथिल स्थिति में है। प्रदेश की 1432 रेत की खदानें है, जिनका 125 रूपये प्रति घनमीटर से आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है। जिलेवार समूह बनाकर ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसमें एक जिले में एक ठेकेदार को ही रेत खनन का अधिकार दिया गया है, जो तीन वर्ष के लिए अनुबंधित होता है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, बी.पी.एल परिवार को स्वयं के उपयोग के लिए 10 घनमीटर रेत की उपलब्धता को रायल्टी मुक्त रखा गया है और स्थानीय श्रमिकों का नियोजन अनिवार्य किया गया है। जिससे रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हो सकेगें। बैठक में सचिव श्री नरेन्द्र परमार, संचालक श्री विनीत कुमार आस्टीन, उप सचिव श्री सरिता बाला, उप सचिव श्री नागवंशी, ई.डी. खनिज निगम श्री दिलीप कुमार एवं सीजीएम खनिज निगम श्री अतुल शर्मा उपस्थित थे।

संपादकीए

## कोरोना का संकट

दुनिया में कोरोना संक्रमितों की तादाद एक करोड़ से ऊपर निकल चुकी है और पांच लाख से ज्यादा लोग इस महामारी से मारे जा चुके हैं। इनमें से एक चौथाई मौतें अकेले अमेरिका में हुई हैं। जाहिर है, कोरोना का कहर अभी थमा नहीं है। ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि महामारी विशेषज्ञ इसके दूसरे दौर की भविष्यवाणी रहे हैं। जो हालात हैं, उनसे तो लग रहा है कि इस महामारी से जल्द मुक्ति मिलने के आसार नहीं हैं। आंकड़ों का बढना़ इस बात का प्रमाण है कि दुनियाभर में कोरोना संक्रमण का फैलना जारी है। अमेरिका के फ्लोरिडा में एक दिन में संक्रमितों की संख्या में रिकार्ड तोड़ बढ़ोतरी होने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस एडहेनम गेब्रयेसस ने आगाह किया है कि कोविड-19 महामारी की स्थिति और भी खतरनाक होती जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ समय तक जनजीवन पहले की तरह सामान्य नहीं हो पाएंगी। गेब्रयेसस ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निकट भविष्य में पहले की तरह सब कुछ सामान्य होना मुश्किल है। इस बीच डब्ल्यूएचओ के दो विशेषज्ञ महामारी की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए चीन गए हुए हैं। मध्य चीन के वुहान शहर में इस वायरस का पहली बार पता चला था। बीजिंग जांच की अनुमति देने के लिए तैयार नहीं था, लेकिन डब्ल्यूएचओ द्वारा बुलाए गए देशों के विरोध के बाद वह तैयार हो गया। अब जांच के बाद ही सच्चाई पता चल पाएगी।

कोरोना संक्रमण के प्रसार की गति को धीमी करने के लिए दुनियाभर में पहले और एकमात्र उपाय के तौर पर लॉकडाउन का कदम उठाया गया। लेकिन जो हकीकत अब देखने को मिल रही है, उससे तो लग रहा है कि लॉकडाउन जैसा उपाय भी कोरोना की रफ्तार कम कर पाने में उम्मीद के मुताबिक ज्यादा कामयाब नहीं हुआ। इसकी एक वजह इसे लागू करने के समय और तरीकों और नागरिकों की भूमिका भी रही है। अमेरिका इसका उदाहरण है, जहां लॉकडाउन को लेकर राष्ट्रपति और राज्यों के बीच विवाद बना रहा।

दक्षिण अफ्रीका में पूरे दो महीने तक बंद रखा गया, लेकिन आर्थिक मजबूरियों के कारण अब लॉकडाउन हटा दी गई और अब वहां हालात बेकाबू हो रहे हैं। इसी तरह एशियाई देशों में रोजाना हजारों नए मामले सामने आ रहे हैं। नेपाल में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। सिंगापुर और इंडोनेशिया में संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। चीन में दोबारा से कई शहरों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े हैं। जहां तक बात अमेरिका की है, तो वहां एक दिन में 44 हजार मामले सामने आए हैं। भारत में यह आंकड़ा बीस हजार को पार कर चुका है।

पूरी दुनिया के सामने अभी सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि आखिर कोरोना से निपटा कैसे जाए। अमेरिका सहित कई देशों ने अपने यहां दवाएं बनाने का दावा तो किया है, लेकिन ये सब परीक्षण के दौर में ही हैं। डब्ल्यूएचओ ने भी अगले साल के मध्य तक इसका टीका आने की बात कही है। कोरोना महामारी ने पूरे विश्व को ऐसे संकट में भी डाल दिया है जिसके गंभीर सामाजिक और आर्थिक परिणाम जल्दी ही देखने को मिलेंगे। कई देशों की अर्थव्यवस्था तो एकदम चौपट हो चुकी है।

करोड़ों लोग अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं से घिरने लगे हैं। यह संकट दुनिया की सभी सरकारों के सामने है। कोरोना महामारी से यह तो साफ हो गया है कि दुनिया में ऐसी आपदा अब बार-बार दस्तक दे सकती है। इसलिए यह वक्त कोरोना से लडने् के साथ ही ऐसी रणनीतियां बनाने और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने का भी है जिससे हम ऐसे मुश्किलों का सामना आसानी से कर सकें।

# आपसी झगड़े से कांग्रेस को नुकसान

कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, केबीनेट मंत्री महाराजा विश्वेन्द्र सिंह व रमेश मीणा को उनके पद से हटा दिया है। साथ ही युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मुकेश भाकर व सेवादल अध्यक्ष राकेश पारीक को भी पद मुक्त कर दिया गया है। राज्य के शिक्षा राज्य मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा को प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया गया है। विधायक गणेश घोधरा को युवक कांग्रेस व हेमसिंह शेखावत को सेवादल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने भी पायलेट के समर्थन में अपने पद से स्तीफा दे दिया है। दिल्ली से आये कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, प्रदेश प्रभारी महासचिव अविनाश पाण्डे, रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कांग्रेस विधायक दल की लगातार दो बार बैठक लेकर इस बात का ऐलान किया। इसके बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजभवन जाकर राज्यपाल कलराज मिश्र से मिलकर पूरे घटनाक्रम से अवगत करवा दिया है। इसके साथ ही राजस्थान में कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की लड़ाई खुलकर सड़कों पर आ गई है। दोनों नेता अपना-अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। सचिन पायलट गुट के विधायक राजस्थान से बाहर हरियाणा के गुडगांव में ठहरे हुए हैं। कोरोना जैसी महामारी के संक्रमण के दौर में जहां सरकार को अपनी पूरी ताकत कोरोना पर काबू पाने के प्रयास करने में लगानी चाहिये। वही सरकार के मंत्री आपस में ही लड़ रहे हैं। इधर प्रदेश में कोरोना का संक्रमण हर दिन तेजी से बढ़ रहा है। राजस्थान में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 25 हजार की संख्या को पाकर चुकी है। राजस्थान में गहलोत और पायलट की लड़ाई कोई नई नहीं है। विधानसभा चुनाव के बाद जहां सचिन पायलट मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे। वही अशोक गहलोत दिल्ली में जोड़ तोड़ कर मुख्यमंत्री बन गए थे। तब से ही दोनों नेता एक दूसरे को कमजोर करने का कोई मौका नहीं चूक रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान द्वारा भी राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की लड़ाई को रोकने की दिशा में कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गयी थी। जिस कारण इनकी लड़ाई दिन प्रतिदिन बढ़ती ही गई। आज स्थिति सचिन पायलट द्वारा पार्टी से बगावत करने तक पहुंच गई है। राजस्थान में कांग्रेस के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे को चाहिए था कि समय रहते गहलोत और पायलट में सुलह करवाते। मगर अविनाश पांडे सुलह कराने की बजाय खुद गहलोत के पक्ष में खड़े नजर आते रहे। इससे गहलोत विरोधी विधायकों को लगने लगा कि केंद्रीय आलाकमान स्तर पर भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। जब जून माह में राज्यसभा के चुनाव थे उस वक्त भी गहलोत और पायलट खेमे में खुलकर टकराव हुआ था। लेकिन पांडे ने उस वक्त भी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट हो सके। दिसंबर 2018 के विधानसभा चुनाव में जब राजस्थान में कांग्रेस को बहुमत मिला तो प्रदेश के हर कांग्रेसी को यही लग रहा था कि युवा नेता सचिन पायलट का मुख्यमंत्री बनना तय है। क्योंकि राजस्थान में कांग्रेस को उबारने में जितनी मेहनत सचिन पायलट ने की थी। उतनी शायद ही अन्य किसी नेता ने नहीं की थी। फरवरी 2014 में जब सचिन पायलट को राजस्थान कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया उस वक्त राजस्थान में कांग्रेस के मात्र 21 विधायक थे। दिसंबर 2013 में संपन्न हुए राजस्थान विधानसभा के चुनाव में अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस बुरी तरह हार चुकी थी तथा हर कांग्रेसी कार्यकर्ता का मनोबल टूट चुका था। ऐसे में सचिन पायलट ने प्रदेश अध्यक्ष बनते ही राजस्थान के हर जिले का धुआंधार दौरा किया व कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें काम करने के लिए प्रेरित किया था। विधानसभा चुनाव के दौरान भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते सचिन पायलट ने पूरे चुनाव को फ्रंट से लीड किया था। पायलेट ने भारतीय जनता पार्टी की वसुंधरा राजे सरकार की नाकामियों को आम जन जन तक पहुंचाया था। जिस कारण लोगों को लगा था कि एक युवा नेता के नेतृत्व में सरकार बनने से कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर काम करेगी। मगर जैसे ही चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आये। अशोक गहलोत ने अपने दिल्ली संपर्कों के बल पर मुख्यमंत्री बन गये। गहलोत के मुख्यमंत्री बनते ही पायलट समर्थको में जबरदस्त विरोध देखा गया था। मगर उस वक्त कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस के अन्य बड़े नेताओं ने पायलट को मना कर उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा दी। लेकिन धीरे-धीरे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार पर अपनी पकड़ बनानी शुरू कर दी। सरकार में पायलट व उनके समर्थकों की उपेक्षा की जाने लगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कई ऐसे लोगों को अपना विशेषाधिकार बनाया जिनकी कांग्रेस कार्यकर्ता के नाम पर कोई उपलब्ध नहीं थी। इसके बाद मुख्यमंत्री गहलोत ने बिना पायलट की सहमति के प्रदेश के बड़े शिक्षण संस्थाओं, विश्वविद्यालयों में अपनी मनमर्जी के कुलपति, वाइस चांसलर लगा दिए। ऐसा नहीं है कि सचिन पायलट ने पार्टी से यकायक बगावत कर दी हो। उन्होंने अपनी उपेक्षा की शिकायत बार-बार कांग्रेसी आलाकमान से की थी। मगर आलाकमान ने प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे की अध्यक्षता में एक समन्वय समिति का गठन कर दिया। जो महज कागजी साबित हुई। राजस्थान में सरकार बने डेढ़ साल से अधिक का वक्त हो जाने के बावजूद अभी तक कार्यकर्ताओं को राजनीतिक नियुक्तियां नहीं देने से कार्यकर्ताओं में सरकार के प्रति गहरा असंतोष है। लोकडाउन के दौरान लोगों के बिजली के बिल माफ करने के लिए सचिन पायलट व उनके समर्थक मंत्रियों ने कई बार खुलकर मुख्यमंत्री से मांग की मगर मुख्यमंत्री ने उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। जिस तरह से कर्नाटक व मध्यप्रदेश में कांग्रेस के ही नाराज विधायको ने सरकार गिरा दी थी। वही कहानी राजस्थान में भी दोहराई जा सकती है। मौजूदा घटनाक्रम में भले ही अशोक गहलोत विजेता बन के उभरे हो। मगर कांग्रेस को इसका खामियाजा आने वाले दिनों में उठाना पड़ सकता है। आज एक एक कर युवा नेता कांग्रेस छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इस बात को कांग्रेस आलाकमान को समझना होगा कि ऐसी परिस्थितियां क्यों उत्पन्न हो रही है। जिससे युवा नेतृत्व कांग्रेस से विमुख होता जा रहा। सचिन पायलट के कांग्रेस छोड़ने से राजस्थान में प्रभावशाली गुर्जर जाति के मतदाता भी भविष्य में कांग्रेस से दूर होंगे। सचिन पायलट युवा है तथा उनके सामने राजनीतिक करने को बहुत समय है। इन सबके चलते भविष्य में पायलट तो फिर भी मजबूत होकर उभर सकते हैं। मगर अपने राजनीतिक जीवन की अंतिम पारी खेल रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पिछला इतिहास देखे तो पार्टी के लिये ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। गहलोत के मुख्यमंत्री रहते कांग्रेस कभी दुबारा चुनाव नहीं जीत पायी है 2018 में गहलोत के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेसी सभी 25 सीटों पर बुरी तरह हार गई थी।



## लघुकथा — ज्यादा होशियार मत बनिए



मिसेज शर्मा और मिसेज वर्मा दोनों पड़ोसन के साथ साथ अच्छी मित्र भी थी ।एक दिन मिसेज शर्मा को किसी काम से बाहर जाना था तो वह अपने बेटे छोटू को मिसेज वर्मा से देखते रहने को कहकर चली गयी। इधर छोटू खूब खेल रहा था।सामने से उड़ रही धूल उसके पूरे शरीर को गंदा कर रहा था धूल के कुछ कण छोटू के नाक में जाते ही सुरसूरी सी महसूस हुई और वह वेतहाशा छीकने लगा इतने में वहाँ मिसेज वर्मा आ जाती हैं।छोटू को वेतहाशा छीकता देख वो समझती है कि इसे कोरोना हो गया और वह किसी चीज को हाथ नहीं लगाती यथा स्थिति बनी रहती है। तत्पश्चात मिसेज शर्मा आ जाती है वह छोटू को गोद में लेकर उसके गंदे कपडे बदलने लगती है।मिसेज शर्मा कुछ भी नहीं छूती और जांच कराने के लिए कहती हैं । आखिर बेटे का सवाल था जाँच हुआ सभी टेस्ट हुए रिपोर्ट में कुछ नहीं आया मामूली धूलकण और पूरे 15000 रूपये खर्च हो गये। इस घटना के बाद जब कहीं जाना होता है छोटू को साथ ले जाती है मिसेज शर्मा और मिसेज वर्मा की दोस्ती भी नहीं रही दोनों एक दूसरे से बोलती तक नहीं।

आशुतोष
पटना बिहार

## साहित्य को जीवन समर्पित...

तन समर्पित, मन समर्पित, साहित्य को जीवन है अर्पित।
साहित्य में अब रम गया हूँ, अब इसी में मन है हर्षित।।

साहित्य से किया प्रीत है, अब सच्चा यही मनमीत है।
मन की व्यथा को मैं लिखूं, साहित्य मेरा अब संगीत है।।

साहित्य ही अब जीत है, यह गले का स्वर्ण हार है।
जीवन इसी में मैं बिताऊँ, प्रभु का दिया उपहार है।।

साहित्य के सत्य पथ पर, लेखनी को सतत चलाऊँ।
समाज राष्ट्र के कल्याण में, साहित्य को समृद्ध बनाऊँ।।

साहित्य में नए आयाम हो, नव चेतना की बस धार हो।
नैतिक मूल्यों की हो रक्षिता, कुरीतियों पर भी प्रहार हो।।

मैं सदैव अभिव्यक्ति को, साहित्य में देता हूँ प्रधानता।
संवेदना को लेखनी में, मैं सदा साहित्य में उतारता।।

साहित्य की साधना में, अब यह मेरा जीवन कटे।
साहित्य में जो मैं लिखूँ, उस रोशनी से तम मिटे।।

माँ शारदे से प्रार्थना है, पीड़ितों के दर्द को बयां करूँ।
राष्ट्र और समाज की, साहित्य से सदैव सेवा करूँ।।



लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
बस्ती [ उत्तर प्रदेश ]

भेद न कोई रहे दिलों में ,भारत माँ जन जन की है ।
टुकड़ों में मत बाँटो इसको ,जननी जन जीवन की है ।

हिंदू- मुस्लिम-सिक्ख- इसाई ,आपस में सब हैं भाई ।
एक ईश ही सबका मालिक,बात हमें है सिखलाई ।
हाथ थाम सब चले प्रेम पथ ,यही कामना मन की है।

टुकड़ों में मत बाँटो इसको ,जननी जन जीवन की है ।



इक जुट होकर करें सामना
,संकट में जब देश रहे ।
हम सब सुमन एक उपवन के
,भिन्न भले परिवेश रहे ।
हृदय खिले मुस्कान धरे मुख
,नहीं जगह अँसुवन की है।
टुकड़ों में मत बाँटो इसको ,जननी जन जीवन की है ।

रीना गोयल ( हरियाणा)

## तृष्णा

तृष्णा पाल रहा इंसान
शरीफों का काम तमाम
बौद्धिक सुख के लिए
इंसान खो रहा पहचान।।



जात पात भेद भाव
छल कपट द्वेष तृष्णा
अंग अंग धारण कर
जैसे हो इनका गहना।।

वेद पुराण शास्त्र योग
सबसे बड़ा बना भोग
झूठ फरेब और लालच
इंसान का है बडा रोग।।

आशुतोष
पटना बिहार

## बाढ़ की कहानी

प्रत्येक वर्ष आता बाढ़,
शुरू होते माह आषाढ़?।
उमड़ते बादल देखकर,
हमलोग इसे लेते ताड़।



लगातार बादल बरसे,
चारों तरफ पानी भर दे।
नदियों में आना उफान,
बाढ़ की पहली पहचान।

टूटने से नदियों के बांध,
डूब जाते खेत-खलिहान।
कहीं डूबती पुल-पुलिया,
गवां देते कई लोग प्राण।

गली-गली मे पानी भरता,
घर भी नहीं सुरक्षित रहता।
ऊंची जगह पर लोग भागते,
लेकर जीवन रक्षक सामान।

दूर-दूर तक दिखता पानी,
सबकी बढ़ जाती परेशानी।
जन्म लेती है कई बीमारी,
खत्म होते बाढ़ का पानी।

प्रत्येक वर्ष आता बाढ़,
शुरू होते माह आषाढ़?।
कई समस्या लाता साथ,
कहती मेरी प्यारी नानी।

गोपेंद्र कु सिन्हा गौतम
औरंगाबाद बिहार

## धर्म में आस्था

धर्म में प्रेम का रास्ता हैं
ईश्वर का इसमें वास्ता हैं
चलो धर्म की राह
सत्य की इसमें आस्था हैं
धर्म के आगे झुकता जहां हैं
धार्मिकता में भारत महान हैं



धर्म में ही नैतिकता हैं
इंसान की मानवता हैं
प्रकृति से बंधा हैं
संस्कृति ही धार्मिकता हैं
मनुष्य की इसमें पहचान है
धार्मिकता में भारत महान हैं

इसमें पावन संस्कार हैं
सत्य का भी सरोकार हैं
ये संपूर्ण जीवन हैं
खुशियाँ इसमें अपार हैं
मिट्टी का भी यहां सम्मान हैं
धार्मिकता में भारत महान हैं

सुरेश भक्त तीरगर
जालोर (राजस्थान)

# सैनिक... शब्द एक, भाव अनेक

(लेखक-ईएमएस/विवेक रंजन श्रीवास्तव)

जब अलग अलग रचनाकार एक ही शब्द पर कलम चलाते हैं तो अपने अपने परिवेश, अपने अनुभवों, अपनी भाषाई क्षमता के अनुरूप सर्वथा भिन्न रचनायें उपजती हैं। व्यंग्य में तो जुगलबंदी का इतिहास लतीफ घोंघी और ईश्वर जी के नाम है, जिसमें एक ही विषय पर दोनो सुप्रसिद्ध लेखको ने व्यंग्य लिखे। फिर इस परम्परा को अनूप शुक्ल ने फेसबुक के जरिये पुनर्जीवित किया, हर हफ्ते एक ही विषय पर अनेक व्यंग्यकार लिखते थे जिन्हें समाहित कर फेसबुक पर लगाया जाता रहा। स्वाभाविक है एक ही टाइटिल होते हुये भी सभी व्यंग्य लेख बहुत भिन्न होते थे। कविता में भी अनेक ग्रुप्स व संस्थाओ में एक ही विषय पर समस्या पूर्ति की पुरानी परम्परा मिलती है। इसी तरह, एक ही भाव को अलग अलग विधा के जरिये अभिव्यक्त करने के प्रयोग भी मैने स्वयं किये हैं। उसी भाव पर अमिधा में निबंध, कविता, व्यंग्य, लघुकथा, नाटक तक लिखे। यह साहित्यिक अभिव्यक्ति का अलग आनंद है।

सैनिक शब्द पर भी खूब लिखा गया है, यह साहित्यकारो की हमारे सैनिको के साथ प्रतिबद्धता का परिचायक भी है। भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओ में से एक है, क्योकि सेना की सर्वाधिक महत्वपूर्ण इकाई हमारे सैनिक वीरता के प्रतीक हैं। उनमें देश प्रेम के लिये आत्मोत्सर्ग का जज्बा है।उन्हें मालूम है कि उनके पीछे सारा देश खड़ा है। जब वे रात दिन अपने काम से थककर कुछ घण्टे सोते हैं तो वे अपनी मां की, पत्नी या प्रेमिका के स्मृति आंचल में विश्राम करते हैं, यही कारण है कि हमारे सैनिको के चेहरों पर वे स्वाभाविक भाव परिलक्षित होते हैं। इसके विपरीत चीनी सैनिको के कैम्प से रबर की आदम कद गुड़िया के पुतले बरामद हुये वे इन रबर की गुड़िया से लिपटकर सोते हैं। शायद इसीलिये चीनी सैनिको के चेहरे भाव हीन, संवेदना हीन दिखते हैं। हमने देखा है कि उनकी सरकार चीन के मृत सैनिको के नाम तक नही लेती।



वहां सैनिको का वह राष्ट्रीय सम्मान नही है, जो भारतीय सैनिको को प्राप्त है। मैं एक बार किसी विदेशी एयरपोर्ट पर था, सैनिको का एक दल वहां से ट्राँजिट में था, मैने देखा कि सामान्य नागरिको ने खड़े होकर, तालियां बजाकर सैनिक दल का अभिवादन किया। वर्दी को यह सम्मान सैनिको का मनोबल बहुगुणित कर देता है।

सैनिक पर खूब रचनायें हुई है हरिवंश राय बच्चन की पंक्तियां हैं जवान हिंद के अडिग रहो डटे,

न जब तलक निशान शत्रु का हटे,
हज़ार शीश एक ठौर पर कटे,
ज़मीन रक्त-रुंड-मुंड से पटे,
तजो न सूचिकाग्र भूमि-भाग भी।

प्रो चित्र भूषण श्रीवास्तव विदग्ध जी की कविता का अंश है....

तुम पर है ना आज देश को तुम पर हमें गुमान
मेरे वतन के फौजियों जांबाज नौजवान
सुनकर पुकार देश की तुम साथ चल पड़े
दुश्मन की राह रोकने तुम काल बन खड़े
तुम ने फिजा में एक नई जान डाल दी
तकदीर देश की नए सांचे में ढ़ाल दी

अनेक फिल्मो में सैनिको पर गीत सम्मलित किये गये हैं। प्रायः सभी बड़े कवियों ने कभी न कभी सैनिको पर कुछ न कुछ अवश्य लिखा है। जो हिन्दी की थाथी है। हर रचना व रचनाकार अपने आप में महत्वपूर्ण है। देश के सैनिको के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुये अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। हमारे सैनिक राष्ट्र की रक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । सैनिक होना केवल आजीविका उपार्जन नही होता। सैनिक एक संकल्प, एक समर्पण, अनुशासन के अनुष्ठान का वर्दीधारी बिम्ब होता है ।हम सब भी अप्रत्यक्ष रूप से जीवन के किसी हिस्से में कही न कही किंचित भूमिका में छोटे बड़े सैनिक होते हैं । कोरोना में हमारे शरीर के रोग प्रतिरोधक अवयव वायरस के विरुद्ध शरीर के सैनिक की भूमिका में सक्रिय हैं।



## जैकलीन ने सिनेमा को सबसे खूबसूरत धोखा करार दिया


अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने सिनेमा को दुनिया का सबसे खूबसूरत धोखा करार दिया है। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, ÷सिनेमा . दुनिया का सबसे खूबसूरत फ्रॉड अंदर देखिए।÷ फोटो में यह अभिनेत्री एक चमकदार टॉप पहने हुए हैं और उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है। बहुत कम मेकअप और पिंक लिप कलर में वह खूबसूरत दिख रही हैं। हाल ही में जैकलीन ने कहा था कि कोरोना महामारी ने उन्हें सिखाया है कि जिंदगी का हर दिन कीमती है। जैकलीन ने कहा , ÷इस महामारी ने मुझे यह महसूस कराया है कि जीवन बहुत छोटा है। हमें प्रत्येक दिन की कीमत को समझने की और उसे अच्छे से जीने की जरूरत है। साथ ही हमें प्रकृति के लिए आभारी होने और अपने ग्रह को वापस देने के लिए ज्यादा से ज्यादा काम करने की जरूरत है।÷ वहीं काम को लेकर बात करें तो जैकलीन ने हाल ही में वेब सीरीज %मिसेज सीरियल किलर% से अपना डिजिटल डेब्यू किया है। उन्होंने एक ऑनलाइन डांस कॉम्पटीशन %होम डांसर% भी लॉन्च किया है। वह अभिनेता सलमान खान की फिल्म के गीत %तेरे बिना% में भी देखी गई थीं। अब वह जॉन अब्राहम की एक्शन फिल्म %अटैक% में नजर आएंगी।

## आरती सिंह ने बताया तीन-चार साल तक मुझे खूब स्ट्रगल करना पड़ा

**मुंबई ।** बिग बॉस 13 की अहम और चर्चित चेहरों में से एक आरती सिंह का गेम सभी को पसंद आया। इस शो से पहले आरती ने कई टीवी शो भी किए थे पर वे नहीं चले थे। आरती ने कहा कि उन्हें करियर की शुरुआत में कोई दिक्कत नहीं हुई। लेकिन उन्हें जल्द ही बड़ा झटका लगा था। उन्होंने कहा, मैंने कलर्स के लिए शो किया था लेकिन वे चल नहीं सका। उसके बाद तीन-चार साल तक मुझे खूब स्ट्रगल करना पड़ा। मेरे पास कोई काम नहीं था। मुझे भाभी वाले रोल के लिए फोन आते थे, पर कभी लीड रोल्स के लिए अप्रोच नहीं किया गया। लेकिन स्ट्रगल के बीच भी आरती हमेशा पॉजिटिव रहीं। इसी बीच उनके हाथ में आया शो परिचय। इसमें वे सौरभ राज और समीर सोनी के साथ दिखीं। हालांकि, इसके बाद भी उनका स्ट्रगल खत्म नहीं हुआ। आरती ने कहा, मैंने परिचय में अच्छा काम किया, लोगों ने पसंद भी किया। लेकिन इसके बाद भी मुझे लंबे समय तक कोई काम नहीं मिला। आरती ने कहा कि बिग बॉस 13 में जब उन्हें चांस मिला तो उन्हें इसकी बहुत जरूरत थी। ये बहुत बड़ा बूस्ट था। अब आरती को उम्मीद है कि उन्हें अच्छे कैरेक्टर प्ले करने का मौका मिलेगा। बता दें कि आरती सिंह अभिनेता गोविंदा की भांजी हैं और कृष्णा अभिषेक



## सुनते सबकी है लेकिन करते मन की है अर्जुन



**मुंबई ।** बॉलीवुड ऐक्टर अर्जुन कपूर से पूछा गया कि क्या मलाइका से शादी करने और सेटल होने के लिए उनपर फैमिली प्रेशर पड़ता है, इस पर अर्जुन ने कहा कि वह सभी की सुनते हैं लेकिन करते वही हैं जो उन?हें सही लगता है। ऐक?टर ने आगे कहा कि एक पॉइंट पर आकर उनकी फैमिली भी रुक जाती है। अर्जुन कहते हैं कि वह परिवार के लोगों को निराश नहीं करते हैं और जब भी वह कोई निर्णय लेते हैं तो परिवार के लोग उसे समझते हैं। अर्जुन ने कहा कि जब भी वह कोई फैसला लेते हैं, उसे परिवार के संज्ञान में रखते हैं। फैंस दोनों ऐक?टर्स की शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं लेकिन अर्जुन का कहना है कि जब भी वह ऐसा कुछ प?लान करेंगे, उसे छिपाएंगे नहीं। फिलहाल, उन?होंने शादी की खबरों से इनकार कर दिया है लेकिन इस बात को भी स?वीकार किया है कि मीडिया ने हमेशा उनके रिलेशनशिप का सम?मान किया है। जॉब को लेकर बात करें तो अर्जुन कपूर हाल ही में फिल?म %पानीपत% में नजर आए थे। अर्जुन मलाइका अरोड़ा के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर अक?सर सुर्खियों में रहते हैं। दोनों अपने रिलेशन पर मीडिया में भी खुलकर बात करते हैं। बीते दिनों दोनों ने साथ में गोवा में नए साल का वेलकम किया था और इंस्टाग्राम पर

## सुनिधि से शादी टूटने की खबर को पति हितेश ने बताया अफवाह

**मुंबई ।** बॉलिवुड की बेहतरीन सिंगर सुनिधि चौहान ने मशहूर म्यूजिक कंपोजर हितेश सोनिक से शादी की है। सुनिधि और हितेश की शादी को 8 साल हो गए हैं और उनका एक 2 साल का बेटा भी है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि दोनों की रिश्ता कुछ ठीक नहीं चल रहा है। कहा जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से हितेश और सुनिधि अलग रह रहे हैं और उन्होंने अपने अलग होने की खबर को छिपा कर रखा है। अब इन अटकलों पर फाइनली हितेश सोनिक का रिऐक्शन आ गया है। सुनिधि से कॉन्टैक्ट किया तो उन्होंने इस मुद्दे पर कॉमेंट करने से इनकार कर दिया। जब उनके पति हितेश से संपर्क किया गया तो उन्होंने ऐसी सभी खबरों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, यह सच नहीं हैं। जब हितेश से कहा गया कि उनकी पत्नी सुनिधि ने तो



इस खबर पर कोई प्रतिक्रिया करने से इनकार कर दिया है तो उन्होंने कहा हो सकता है कि सुनिधि इस पर कॉमेंट नहीं करना चाहती हों क्योंकि यह बेहद अपमानजनक खबर हैं और इसके बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। हितेश ने कहा वह सुनिधि के साथ एक साथ एक ही घर में रह रहे हैं। उन्होंने हंसते हुए कहा हम एक ही छत के नीचे रह रहे हैं। मैं घर की साफ-सफाई में इतना बिजी हूं कि मैंने तो इस खबर को पढ़ भी नहीं पाया। लॉकडाउन में हम लोगों ने अपने घर का काम बांट लिया है। हो सकता है कि वह (सुनिधि) मेरी साफ-सफाई से खुश न हो और शायद इसीलिए ऐसी खबरें आनी शुरू हो गईं। बता दें कि सुनिधि चौहान ने साल 2002 में बॉबी खान से शादी की थी। हालांकि उनका यह रिश्ता नहीं चल सका और 2003 में ही यह शादी टूट गई। बाद में 2012

## डायना पेंटी ने अपनी को-स्टार दीपिका पादुकोण को लिखा एक दिल छू लेना पोस्ट

**मुंबई ।** हाल ही में, कॉकटेल के 8 साल पूरे होने पर, हमें दीपिका की निजी वेबसाइट पर डायना पेंटी द्वारा लिखित एक दिल छू लेने वाला नोट मिला। डायना ने लिखा, %% दीपिका पादुकोण के साथ मेरी पहली फिल्म थी। मेरी पहली फिल्म में मेरे पहले सह-अभिनेता के रूप में, दीपिका ने काफी प्रभाव पैदा किया, मेरे डर को दूर किया और मुझे एक ऐसी दुनिया में एक यादगार शिक्षा दी जिसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं थी। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि मैं युवा था, एक पेशेवर मॉडल, जो अचानक एक नए ब्रह्मांड में आ गयी थी जो इतने सारे अज्ञात लोगों से भरा हुआ था। दीपिका तब तक बहुत सी फिल्में कर चुकी थीं, एक उभरता स्टार लेकिन फिर भी वह बेहद नर्म दिल इंसान थी, और अपने चेहरे पर एक मुस्कान के साथ हमेशा स्वागत किया और जिससे मुझे इस क्रू का हिस्सा होना का अहसास हुआ।÷



उन्होंने आगे कहा, ÷मुझे याद है कि शूटिंग के पहले दिन, जो लंदन में था, मैं अपने होटल के कमरे में अकेली बैठी थी, जब मुझे दीपिका का एक मैसेज मिला, जिसमें उन्होंने मुझे रात के खाने में शामिल होने के लिए कहा। जब मैं उनसे उस शाम मिली, तो मुझे महसूस हुआ कि सैफ, होमी, डिनो और कुछ अन्य लोग वहाँ थे ... उन्होंने मुझे शामिल करने की पूरी कोशिश की। और हम जल्द ही एक ही जगह पर 2 डीपी बन गए थे! मैंने उनसे भी सीखा - बेहद प्रोफेशनल, दीपिका का अनुशासन अनुकरणीय था ... उन्हें शूटिंग में कभी देर नहीं होती थी और कोई फर्क नहीं पड़ता की हम कितने बजे पैक अप कर रहे हैं, वह हमेशा कई अन्य चीजों के बीच जिम जाना नहीं भूलती थी। मुझे यह भी याद है कि उन्होंने कैसे खुद को अविश्वसनीय वेरोनिका में बदल लिया, एक ऐसा किरदार जो व्यक्तिगत रूप से उनके जैसा बिल्कुल भी नहीं था। सचमुच मेरे होश उड़ गए थे।÷ ÷मैं अभी भी दंग रह जाती हूं जब मैं उन्हें स्क्रीन पर कई यादगार किरदारों में ढलते हुए देखती हूं और कैसे वह व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से इतनी बहादुर शख्सियत है। उनकी मुस्कान आज भी उतनी ही नरम है और मेरे लिए वह हमेशा मेरी मीरा की वेरोनिका रहेंगी।

## इंडियन सुपरहीरोइन बनना चाहती है तापसी

तापसी पन्नू को फिल्मों में काम करते हुए 10 साल हो गए हैं। उन्होंने 2010 में तेलुगू फिल्म से डेब्यू किया था। इसके बाद साउथ में 10 फिल्में करने के बाद तापसी ने डेविड धवन की %चश्मे बद्दूर% से बॉलिवुड में प्रवेश किया था। तापसी अब हिंदी फिल्मों का जाना-पहचाना चेहरा हैं और अपने किरदारों से उन्होंने ऑडियंस के साथ ही क्रिटिक्स को भी प्रभावित किया है। भले ही तापसी अब बॉलिवुड में स्थापित हो चुकी हों, लेकिन फिर भी वह साल में साउथ की कम से कम एक फिल्म कर रही हैं। उनका कहना है कि उन्होंने साउथ की फिल्मों को बॉलिवुड में आने का जरिया नहीं बनाया है बल्कि साउथ की फिल्मों से ही उन्होंने अभिनय के बेसिक्स सीखे हैं। वह लगातार फिल्मों में काम कर रही हैं और इस साल उनकी 4 बॉलिवुड फिल्में रिलीज होनी हैं। तापसी ने अब तक थ्रिलर, ड्रामा, एक्शन, स्पोर्ट्स, रोमांटिक, कॉमिडी और बायॉपिक हर तरह के किरदार निभाए हैं। जब उनसे पूछा गया कि अब वह किस तरह का किरदार निभाना चाहती हैं, इसके जवाब में तापसी ने कहा मैं इंडियन सुपरहीरोइन बनना चाहती हूं। तापसी ने कहा कि इस तरह का किरदार उन्होंने अभी तक नहीं निभाया है।



## श्वेता तिवारी की मित्र अनुराधा का खुलासा, पलक से भद्दी बातें करते थे अभिनव कोहली



**मुंबई ।** छोटे पर्दे की अभिनेत्री श्वेता तिवारी अपने दूसरे पति अभिनव कोहली लेकर एर बार फिर चर्चा में हैं। पिछले साल उनकी शादी में दरार आई है। श्वेता और उनकी बेटी पलक तिवारी पिछले साल अभिनव की शिकायत लेकर पुलिस स्टेशन गई थीं। खबर थी कि अभिनव, श्वेता से मारपीट करते हैं। अब पिछले कई दिनों से अभिनव कोहली इंस्टाग्राम की मदद से अपने पर लगे इल्जाम को हटाने और अपनी साइड की स्टोरी बताने की कोशिश कर रहे हैं। खुद को बेकसूर बताने के लिए अभिनव कोहली श्वेता और उनकी बेटी पलक पर निशाना लगा रहे हैं। पुलिस स्टेशन वाले किस्से के बाद पलक तिवारी ने एक लंबे पोस्ट में बताया था कि अभिनव उनकी मां से नहीं बल्कि उनके साथ बुरा व्यवहार करते थे। अब श्वेता की एक करीबी दोस्त और अभिनव कोहली के बीच घमासान छिड़ गया है। अभिनव कोहली की एक पोस्ट पर श्वेता तिवारी की दोस्त अनुराधा सरीन ने कमेंट कर उन पर पलक तिवारी से अभद्र बातें करने और सवाल पूछने का इल्जाम लगाया है। अनुराधा ने लिखा- कौन सा बाप अपनी बेटी से पूछता है कि तू वर्जिन है या नहीं? कौन सा बाप पूछता है कि तूने किसी को किस किया है या नहीं? कौन सा बाप अपनी बेटी को अजीब अजीब फोटोज दिखाता है और कहता है ऐसा फिगर बना नहीं तो इंडस्ट्री में नहीं चलेगी? इसके बदले अभिनव कोहली ने अनुराधा पर कानूनी एक्शन लेने की बात लिखी। अभिनव कोहली ने लिखा- स्क्रीनशॉट ले लिया है। अब तू भी मानहानि के मामले में फंसी। तू देख अनु, श्वेता को भले ही मैं मानहानि में ना फंसाऊ लेकिन तुझे तो मैं कानूनी रूप से सबक सिखाऊंगा। चल सबूत दे। इसके बाद अनुराधा ने 2017 की एक बात का भी जिक्र किया, जिसमें अभिनव ने पलक से प्रेग्नेंट होने की बात पूछी थी।

### मंदाना ने इंस्टाग्राम पर शेयर की बिकिनी में हॉट फोटो

बॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल मंदाना करीमी अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी सेक्सी अदाओं के लिए चर्चा में रहती हैं। मंदाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह इंस्टाग्राम पर अक्सर अपने हॉट फोटोज शेयर करती रहती हैं। हाल में मंदाना ने अपना एक फोटो शेयर किया है, जिसमें वह बिकिनी पहने दिखाई दे रही हैं। दरअसल ह्वाइट बिकिनी में मंदाना के इस फोटो की खासियत यह है कि इस फोटो का कैप्शन उन्होंने फारसी भाषा में लिखा है। मंदाना ईरानी मूल की हैं और इसीलिए उन्हें फारसी भाषा आती है। फारसी में दिए इस कैप्शन का हिंदी में मतलब हैं मायूसी चाहे कितनी भी तकलीफदेह हो, लेकिन ऐ मेरे प्रिय, इसे प्रेम से ही दूर



# कोरोना वायरस की जंग में न डरे न घबराएँ बरतें सावधानी




दुनियाभर में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस को लेकर आप के मन में भी शंका है। आखिर यह वायरस क्या है। यह कैसे फैलता है। कोरोना वायरस संक्रमण से वास्तव में अपना बचाव कर पाएंगे कि नहीं। अगर आप भी कोरोना वायरस से डरे हुए हैं तो घबराए नहीं। आपको बताते हैं कोरोना वायरस बीमारी से संबंधी हर छोटी से लेकर बड़ी जानकारी। कोरोना वायरस के लक्षण और बचाव, जिससे इस संक्रमण से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं, बिना भयभीत हुए-




## रखें हाइजीन का ख्याल

अगर आपका इम्यूनिटी सिस्टम कमजोर है या फिर आपके घर मे बुजुर्ग व बच्चे हैं, या आप अपनी हाइजीन का ठीक ढंग से ख्याल नहीं रखते तो आपकी यह आदत जानलेवा साबित हो सकती है।



## विषाणु

यह संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को होता है। साधारण शब्दों में कहे तो कोरोना वायरस संक्रमित व्यक्ति के खासने या छींकने से निकले थूक के बेहद बारीक कण हवा में फैल जाते हैं। इन कणों में कोरोना वायरस के विषाणु होते हैं। संक्रमित व्यक्ति के नजदीक जाने पर ये विषाणु युक्त कण सांस के रास्ते आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। ऐसे में हर कोई डर रहा है कि आखिर कोरोना वायरस बीमारी से खुद को कैसे बचाए।



## बुखार

कोरोना वायरस का मुख्य लक्षण बुखार है। जब तक बच्चों और वयस्कों के लिए कम से कम 100 डिग्री फारेनहाइट (37.7 डिग्री सेल्सियस) तक न पहुंच जाए। तब तक परेशान न हो कि आपको बुखार आ रहा है। जब बुखार को चेक कर रहे हैं तो सुबह की बजाय दोपहर और शाम को नापें। कोरोना वायरस की शिकायत होने के 5 दिन के अंदर उस व्यक्ति को सास लेने में समस्या हो सकती है। कई रिसर्च में सामना आया है कि सास लेने की समस्या फेफड़ो में बलगम फैलने के कारण होती है।

## संदेह ना पनपने दें

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार 88 फीसद को बुखार, 68 फीसद को खासी और कफ, 38 फीसद को थकान, 18 फीसद को सास लेने में तकलीफ, 14 फीसद को शरीर और सिर में दर्द, 11 फीसद को ठंडी लगना, 4 फीसद को डायरिया होना प्रमुख है। रनिंग नोज यानी नाक बहना कोरोना वायरस के मरीजों में मिला ही नहीं।

## कोरोना वायरस के लक्षण

- गले में खराश और सूखी खांसी
- सांस लेने में समस्या (गंभीर मामलों में)
- फ्लू और कोल्ड के होते हैं लक्षण
- डायरिया और उल्टी

## मृत्यु दर

- 9 साल तक के बच्चों में 0 फीसदी
- 10-39 वर्ष तक के लोगों मे 0.2 फीसदी
- 40-49 वर्ष तक के लोगों मे 0.4 फीसदी
- 50-59 वर्ष तक के लोगों मे 1.3 फीसदी
- 60-69 वर्ष तक के लोगों मे 3.6 फीसदी
- 60-69 वर्ष तक के लोगों में 3.6 फीसदी
- 70-79 वर्ष तक के लोगों मे 8 फीसदी
- 80 से ज्यादा वर्ष के लोगों मे 14.8 फीसदी

अगर आपने ये आंकड़े समझे तो साफ है कि बढ़ती उम्र, कम होती इम्युनिटी और पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर कोरोना वायरस ज्यादा असर करता है



## आरटी-पीसीआर टेस्ट

इस तकनीक को रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पॉलीमरेज चेन रिएक्शन कहते हैं। इसके जरिए डीएनए में मौजूद वायरस की पहचान एंटीबॉडी जांच से होती है। इसके लिए रक्त का सैंपल लेते हैं। एंटीबॉडीज का काम वायरस से लड़ने का होता है। आरटी-पीसीआर जांच के लिए गले या नाक नलिका से स्वैब लेते हैं। इस जांच में 12 से 24 घंटे का समय लगता है। ये जांच महंगी होती है क्योंकि इसकी किट काफी महंगी है। निजी पैथोलॉजी में आरटी-पीसीआर जांच 4500 रुपये में होती है।



## हॉटस्पॉट

- कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए कुछ इलाकों को हॉटस्पॉट बनाए गए हैं। ये ऐसे इलाके हैं, जहां छह या उससे ज्यादा लोग कोरोना से संक्रमित हैं। जहा संक्रमण के तेजी से फैलने की ज्यादा संभावना है। पहचान किए गए हॉटस्पॉट को पूरी तरह से सील कर दिया जाता है।
- हॉटस्पॉट वाले इलाकों में राज्य सरकारें ये सुनिश्चित कर रही हैं कि घरों तक खाने-पीने के जरूरी सामानों की होम डिलीवरी हो। इसके अलावा आपको यह जानना भी जरूरी है कि हॉटस्पॉट वाले इलाको में क्या किया जा सकता है और क्या नहीं।

## रैपिड-एंटीबॉडी टेस्ट

**रैपिड एंटीबॉडी टेस्ट की जांच रिपोर्ट 20 से 30 मिनट के भीतर आ जाती है। इससे ये पता करते हैं कि शरीर में मौजूद एंटीबॉडीज कोरोना वायरस के खिलाफ सक्रिय तो नहीं हैं। अगर रिपोर्ट पॉजिटिव है तो इसका मतलब की कोरोना वायरस है। ये जांच आमतौर पर हॉटस्पॉट वाले स्थानों पर होती है। जहां से कोरोना के सबसे अधिक रोगी मिलते हैं।**

## रैपिड- एंटीबॉडी टेस्ट का नुकसान

रैपिड एंटीबॉडी टेस्ट तभी पॉजिटिव आएगा, जब शरीर में एंटीबॉडीज बन गई हैं। ऐसे में अगर एंटीबॉडीज नहीं बनी है और व्यक्ति संक्रमित है तो रिपोर्ट निगेटिव आएगी। कोरोना में इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। कुछ मरीज ऐसे भी मिले हैं, जिनमें बीमारी तो मिली पर लक्षण नहीं थे। वहीं कुछ लोगों का रैपिड एंटीबॉडी टेस्ट निगेटिव था लेकिन बाद में उनकी कोरोना जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आई।



इंग्लैंड के स्टैमफोर्ड ब्रिज में चेल्सी और नॉर्विच सिटी के बीच खेले गए एक फुटबाल मैच में चेल्सी के ओलिवियर गिरौद गेंद को गोल में डालने की कोशिश करते हुए।

## शोएब ने मांगी अमिताभ-अभिषेक की सेहत की दुआ

**नई दिल्ली।** आतं ?कियों के सरपरस्त पडोसी देश पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने महानायक अमिताभ बच्चन के ?लिए कोरोना से ठीक होने की दुआ की थी, लेकिन वे फैन्स के ट्रोल हो गए। अख्तर ने कहा था कि सीमा के पार भी उनके फैन्स जल्द से जल्द उनके ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमिताभ और उनके बेटे अभिषेक बच्चन कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, जिनकी सलामती के लिए सभी दुआएं कर रहे हैं। अख्तर ने अपने ट्वीट में लिखा था, 'जल्दी ठीक हो जाइए अमित जी। बॉर्डर पार भी आपके फैंस आपके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं।' इस दुआ के कारण अख्तर को अब सोशल मीडिया पर ट्रोल का सामना करना पड़ रहा है। एक यूजर्स ने लिखा, 'बॉर्डर के पार आतंकवादी रहते हैं। नहीं चाहिए कोई भी जल्द से जल्द ठीक होने वाली दुआ।' इस पर अख्तर ने कहा, 'सुनने वाली उपर वाली की जात है। क्या पता किसकी सुन ले भाई। आपके लेबल करने से कोई लेबल नहीं हो जाता। खुदा आपको सलामत रखे।'

## विराट के पास सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम : गायकवाड़



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ ने कहा है कि विराट कोहली को अब तक की सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम की कप्तानी का अवसर मिला है। भारतीय टीम के कोच रहे गायकवाड़ ने कहा कि कोहली के पास एक संतुलित टीम है जिसमें सभी क्षेत्रों में पारंगत खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने कुल मिलाकर शानदार प्रदर्शन किया है पर जिस प्रकार की टीम उनके पास है उसको देखते हुए परिणाम और भी बेहतर होने चाहिये थे। उन्होंने कहा, % कोहली के पास भारतीय क्रिकेट इतिहास की अब तक की सबसे अच्छी टीम है। टीम की गेंदबाजी, बल्लेबाजी के साथ ही संयोजन भी काफी अच्छा है। पहले हमारे पास इतने अधिक तेज गेंदबाज नहीं थे। उस समय केवल कपिल देव, करसन घावरी और रोजर बिनी, मदनलाल जैसे कुछ ही गेंदबाज थे।

# टीम इंडिया की पहली पोजिशन बरकरार

### पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज ने 4 विकेट से जीत दर्ज की



**नई दिल्ली ।** वेस्टइंडीज के साथ इंग्लैंड अपनी मेजबानी में 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रहा है। साउथैम्पटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में मेहमान वेस्टइंडीज की टीम ने 4 विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत वेस्टइंडीज टीम की यह पहली जीत है, जबकि पॉइंट टेबल में टीम इंडिया पहली पोजिशन पर है। आईसीसी रैंकिंग में चोटी की नौ टीमें इस टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं। ये टीमें हैं- भारत, इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका, वेस्ट इंडीज, बांग्लादेश, न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया। जिन मैचों में आयरलैंड और अफगानिस्तान शामिल होंगे उन्हें टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होगे। सभी नौ टीमों को छह टीमों के खिलाफ खेलना होगा। इसमें तीन सीरीज घरेलू और तीन विदेशी होंगी। एक सीरीज में अधिकतम दो से अधिकतम पांच मैच हो सकते हैं। हर सीरीज के कुल 120 पॉइंट्स होंगे, जो हर सीरीज में मैचों के आधार पर तय होंगे। एक दो टेस्ट मैच की सीरीज में अधिकतम 60 अंक हासिल किए जा सकेंगे जबकि पांच मैचों की सीरीज में हर मैच से अधिकतम 24 अंक हासिल किए जा सकते हैं। टाई मैचों में जीत के मुकाबले आधे अंक मिलेंगे। वहीं ड्रॉ होने पर जीत के एक-तिहाई अंक मिलेंगे। बता दें कि कोरोना वायरस की वजह से लंबे समय तक बंद रहने के बाद इंटरनैशनल क्रिकेट की वापसी हो गई है।

## मिडफील्डर सुमित ने अभ्यास शुरु किया

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर सुमित ने अपने गृहनगर में ही अभ्यास शुरु कर दिया है। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान सुमित भी अन्य खिलाड़ियों की तरह ही भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बेंगलुरु स्थिति परिसर में रहे थे। लॉकडाउन समाप्त होने के बाद उन्हें पिछले महीने ही घर जाने की अनुमति दी गई थी। क्योंकि साई का अभ्यास शिविर इस महीने के अंत में फिर से शुरू होगा। सुमित ने कहा, %%मेरे लिए ये कुछ सप्ताह तरोताजा करने वाले रहे, इतने लंबे समय के बाद अपने परिवार के साथ समय बिताना अच्छा रहा।%% परिवार के साथ समय बिताने के बाद सुमित ने अपने घर के पास मैदान में अभ्यास शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा,



%%मुझे वास्तव में खुशी है कि मैंने अपने कुछ दोस्तों के साथ मैदान पर आउटडोर अभ्यास शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, %%मैदान पर भी सभी आवश्यक सावधानी बरतते हुए कुछ अभ्यास और कौशल प्रशिक्षण कर के अच्छा लग रहा है।%% इस खिलाड़ी ने कहा, %%मैं अगले राष्ट्रीय शिविर के लिए अपने को फिट रखने की कोशिश कर रहा हूं।%% सुमित 2016 में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल थे। उन्होंने 2017 में सुल्तान अजलन शाह कप से राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने कहा, %%आने वाले कुछ वर्ष हमारे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि मैं शानदार लय में रहूं और टीम की मदद कर सकता हूं।

## जेसन होल्डर आईसीसी रैंकिंग में दूसरे नंबर पर

**दुबई ।** कैरेबियाई बॉलर जेसन होल्डर साउथैम्पटन में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पिछले 20 वर्षों में वेस्टइंडीज के किसी गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक भी हासिल किए। पहली पारी में 42 रन पर छह विकेट सहित मैच में 7 विकेट चटकाने वाले होल्डर ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 862 रेटिंग अंक हासिल किए हैं जो अगस्त 2000 में कर्टनी वाल्श के 866 अंक के बाद किसी वेस्टइंडीज के गेंदबाज के सर्वाधिक रेटिंग अंक हैं। जसप्रीत बुमराह 7वें स्थान के साथ गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं। होल्डर पहले टेस्ट के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 35वें स्थान पर कायम हैं और ऑलराउंडरों की सूची में करियर के सर्वश्रेष्ठ 485 अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

## एबी डीविलियर्स इस साल के अंत तक बन जाएंगे तीसरे बच्चे के पिता, अनुष्का शर्मा ने दी बधाई

**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डीविलियर्स ते घर इस वर्ष के आखिर में फिर खुशिया आने वाली हैं उनके वे तीसरे बच्चे के पिता बनने की खबर है। डीविलयर्स की पत्नी डेनियल डीविलियर्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती हुई नजर आ रही है। कपल ने 2012 में शादी की थी। इसके बाद 2015 में डीविलियर्स अब्राहिम के पिता बने। 2017 में इनके घर जॉन का जन्म हुआ अब 2020 में तीसरा बच्चा होने की खबर है। डेनियल डीविलियर्स की उक्त फोटोज पर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लिखा है- मुबारकबाद डेनियल औ एबी। बहुत अच्छी खबर है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका



के क्रिकेटर जेपी डुमिनी की पत्नी सु डुमिनी ने भी दोनों को बधाई दी है। आपको बता दें कि डीविलियर्स ने डेनियल को आईपीएल के दौरान प्रपोज किया था। डीविलियर्स ने एक बार बताया था कि आईपीएल शुरू होने से करीब दो महीने पहले, मैं प ?लानिंग कर रहा था। मैंने अंगूठी ले ली थी और वहीं (ताजमहल) प्रपोज करने का फैसला किया और जब मैं आईपीएल में पहुंचा तो मैंने सिक ?योरिटी गार्ड्स बुलाए जो कि असल में पूरी चीज की फोटो और वीडियो ले रहे थे।

## पीएनबी ने डिजिटाइजेशन को अपनाया

**नई दिल्ली।** पीएनबी ने अपनी ग्राहक सेवाओं को सुगम बनाने के लिए व्यापक स्तर पर डिजिटाइजेशन को अपनाया है। इस दिशा में क्या-क्या हो रहा है, इस बारे में हम विस्तार से चर्चा कर रहे हैं। यह कहना है सार्वजनिक क्षेत्र में दूसरे नंबर के बैंक, पीएनबी के एक वरिष्ठ अधिकारी का। उन्होंने कहा कि अधिकतर बैंकों ने




अपने ग्राहकों को कैश होम कम्फर्ट के साथ विकल्प प्रदान करने के लिए अनेक पहल की है। आज, ऑनलाइन बैंकिंग से ग्राहकों की बैंकों तक हर समय पहुंच बनी हुई है। बैंकों ने अपने ग्राहकों को बैंक द्वारा दी जाने वाली डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है। बैंकों ने अपने ग्राहकों के व्यवसाय / व्यक्तिगत उपयोग के लिए सुरक्षित, संरक्षित और विश्वसनीय भुगतान साधन प्रदान करने के लिए मजबूत पहल भी की है। तकनीक की तरक्की के साथ ही बैंकों ने भी तरक्की कर ली है। अब लगभग सभी बैंकों ने अपने ग्राहकों को एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस और यूपीआई जैसी ई-बैंकिंग सुविधाओं से लैस किया है। इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और आईएमपीएस जैसे विभिन्न डिजिटल भुगतान के माध्यम अब आम हो गए हैं। इन सुविधाओं का उपयोग कर आप वैयक्तिक रूप से दूरी बनाते हुए बैंकिंग कर सकते हैं। अब लगभग सभी बैंकों ने अपने ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा देना शुरू कर दिया है। यह सुविधा निःशुल्क है, इसलिए यह सुविधा लेने में कोई खर्च भी नहीं करना पड़ता है। जिन ग्राहकों के पास यह सुविधा है, वह बिना बैंक की शाखा गए ही चेकबुक के लिए आवेदन दे सकते हैं। आवेदन देते ही चेकबुक उनके घर पर डिलीवर हो जाएगा। अक्सर ग्राहक सुरक्षित तरीके से निवेश और बेहतर रिटर्न के लिए बैंकों में मियादी जमा खाता या आवर्ती जमा खाता खोलते हैं।

# रियलमी ला रही 6000 एमएएच बैटरी वाला फोन, मिल सकता है 5जी सपॉर्ट

**नई दिल्ली।** रियलमी एक नई फोन सीरीज़ पर काम कर रही है जिसमें 6000एमएएच बैटरी दी जा सकती है। चीनी ब्रैंड ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एक टीजर जारी कर आने वाली पावर टेक्नॉलजी के बारे में जानकारी साझा की है। नई जानकारी से बहुत ज्यादा नहीं, लेकिन 6000एमएएच बैटरी आने का पता चलता है। हाल ही में पता चला था कि रियलमी एक नई स्मार्टफोन सीरीज़ पर काम कर रही है। इस सीरीज़ के फोन्स में 5जी सपॉर्ट और 5जी से जुड़ी दिक्कतें जैसे बैटरी परफॉर्मेंस से निजात मिलेगी। रियलमी इंडोनेशिया के मार्केटिंग डायरेक्टर पाल्सन यी ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है,




जिसमें नई 6000एमएएच बैटरी आने का ऐलान किया गया है। यी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि फैन्स एक बड़ी बैटरी के बारे में पूछ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रियलमी जल्द एक नए स्मार्टफोन का ऐलान करेगी जिसमें नई बैटरी टेक्नॉलजी दी जाएगी। रियलमी का यह पहला फोन होगा जिसमें 6000एमएएच बैटरी होगी। इसके अलावा कंपनी ने और कोई जानकारी नहीं दी है। बता दें कि मई में 6000एमएएच बैटरी वाला एक रियलमी फोन मॉडल नंबर बीएलपी793 के साथ टीयूवी रेनलैंड सर्टिफिकेशन पर देखा गया था। तब से अभी तक इस मिस्टीरियस नई टेक्नॉलजी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। आज ही कंपनी ने इससे जुड़ी जानकारी साझा की है। बता दें कि सैमसंग जैसी बड़ी कंपनियां भी अपकमिंग गैलेक्सी एम21 पर काम कर रही हैं। इस फोन में भी 6000एमएएच बैटरी होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि एक टिप्स्टर ने कल ही खुलासा किया था कि रियलमी 5जी सपॉर्ट वाली एक स्मार्टफोन सीरीज पर काम कर रही है। इससे पता चला था कि कंपनी नए फोन्स में 5जी से जुड़ी दिक्कतें जैसे बैटरी परफॉर्मेंस को भी दूर करेगी। हालांकि, इन फोन्स के नाम या कोई दूसरे स्पेसिफिकेशन्स का पता नहीं चला है। इससे पहले इसी महीने, एक टिप्स्टर ने संकेत दिए थे कि रियलमी एक 100 वाट से भी ज्यादा वाले फास्ट चार्जर पर काम कर रही है। अल्ट्रा डार्ट नाम की इस नई टेक्नॉलजी के जरिए सिर्फ 3 मिनट में 4000एमएएच की बैटरी के 75 प्रतिशत चार्ज होने का दावा है।

ग्वालियर



पुष्पांजली टुडे

08

गुरुवार 16 जुलाई 2020

## लॉकडाउन के दौरान कलेक्टर ने शहर का भ्रमण कर लिया स्थिति का जायजा

# अनावश्यक रूप से घूमने-फिरने वालों को रोककर घर जाने की दी हिदायत





ग्वालियर 15 जुलाई 2020/ कोविड-19 के संक्रमण की चैन को तोड़ने के लिये ग्वालियर शहर में 14 जुलाई की शाम 7 बजे से 7 दिन के लिये सम्पूर्ण लॉकडाउन (कर्फ्यू) के आदेश जारी किए गए हैं। इस दौरान शहर में किसी भी व्यक्ति को शहर में घूमने-फिरने की इजाज़त नहीं होगी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सम्पूर्ण लॉकडाउन में स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भ्रमण के दौरान बिना किसी कारण और सक्षम स्वीकृति के शहर में भ्रमण करते पाए जाने पर कई लोगों को रोका और जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधितों को सचेत किया कि वे तत्काल अपने घरों पर जाएं। अनावश्यक रूप से शहर में भ्रमण न करें। तानसेन होटल के सामने राजमाता चौराहा, एजी ऑफिस तिराहा, जीवाजी क्लब के सामने और इंदरगंज चौराहे पर रूककर आने-जाने वालों से पूछताछ की और उन्हें सचेत कर घर जाने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शहर के निवासियों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये लागू किया गया लॉकडाउन सभी के हित में है। लॉकडाउन का पालन करने से ही कोरोना के संक्रमण को कम किया जा सकेगा। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी भ्रमण के दौरान निर्देशित किया है कि वे चौराहों पर आने-जाने वाले लोगों को रोकें-टोकें और अनावश्यक रूप से घूमने वालों के विरूद्ध कार्रवाई भी करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा है कि लॉकडाउन के दौरान भी सुबह 10 बजे तक दूध, सब्जी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही पेट्रोल पम्प एवं मेडीकल स्टोर भी चिन्हित कर खोलने की व्यवस्था रखी गई है। कोरोना संक्रमण की चैन को तोड़ने के लिये शहरवासी अपने घरों पर ही रहें। आपातकालीन स्थिति में अगर घर से निकलना पड़े तो मास्क पहनकर ही निकलें। नियमित रूप से अपने हाथों को सेनेटाइज करते रहें।

## राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह आज से ग्वालियर के दो दिवसीय प्रवास पर

**ग्वालियर।** उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह 16 और 17 जुलाई को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह 16 जुलाई को सुबह भोपाल से रवाना होकर दोपहर लगभग एक बजे ग्वालियर पहुंचेंगे। उन्होंने आम नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से जिले में लागू लॉक डाउन और कोरोना गाइड लाइन का पालन करने की अपील की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य मंत्री श्री कुशवाह ग्वालियर में 16 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे वीआईपी सर्किट हाउस पर आम नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। श्री कुशवाह इस दिन रात्रि विश्राम ग्वालियर में करेंगे। वे 17 जुलाई को भी ग्वालियर जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कार्यकर्ताओं एवं जिले के नागरिकों से अपील की है कि वर्तमान में वैश्विक महामारी कोरोना की रोकथाम के लिए जिले में लॉकडाउन लागू है, इसलिए फूल मालाओं इत्यादि से उनका स्वागत न करें। सभी लोग मास्क अवश्य लगाएँ। साथ ही एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाए रखें, जिससे कोरोना को हराया जा सके।

# कोरोना नियंत्रण हेतु संभागायुक्त ने दिए निर्देश




**ग्वालियर।** दतिया प्रवास पर आज पहुँचे ग्वालियर संभागायुक्त श्री एम.बी. ओझा ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर समेत विभिन्न अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक चंवल श्री मनोज शर्मा, कलेक्टर श्री रोहित सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. उदयपुरिया, मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. राजेश गौर, अपर कलेक्टर श्री विवेक कुमार रघुवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त ने जिले में अब तक पाए गए कोरोना संक्रमितों एवं उनके उपचार के लिए किए जा रहे इंतजाम की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने संक्रमण फैलने के मूल कारण से अवगत कराया। संभागायुक्त ने कहा कि जिन चिकित्सकों की पॉजीटिव रिपोर्ट आई है, वे लोगों के संपर्क से दूर रहें। संभागायुक्त ने मुख्यमंत्री जी की वी.सी. में दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने सेम्पलों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान देने के निर्देश दिए। आपने कंटेनमेंट एरिया की तरफ ध्यान देने के भी निर्देश दिए।

## विचाराधीन बंदी जावेद खाँ के हास्पिटल परिसर से फरार होने की घटना के संबंध में 25 जुलाई को जानकारी दे सकेंगे

**ग्वालियर।** जिला मजिस्ट्रेट श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने विचाराधीन बंदी जावेद खाँ पुत्र सलीम उर्फ नस्सी खटीक मोहल्ला अबाड़पुरा थाना कम्पू जिला ग्वालियर निवासी सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल परिसर से 6 जुलाई को फरार होने की घटना की जांच हेतु अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य को जांच अधिकारी नियुक्त कर घटना की जांच हेतु निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर एवं जाँच अधिकारी श्री रिंकेश वैश्य ने बताया कि घटना के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था, परिजनों को कोई जानकारी देना चाहें अथवा अभ्यावेदन या कथन प्रस्तुत करना चाहते हैं, वह 25 जुलाई 2020 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर के कक्ष में स्वयं अथवा प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के बाद किसी भी अभ्यावेदन, कथन अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। घटना की जांच के बिंदु इस प्रकार हैं। घटना किस प्रकार हुई, वह परिस्थितियां जिनके कारण बंदी फरार होने में सफल हुआ। क्या घटना को घटित होने से रोका जा सकता था, क्या घटना के लिये कोई अधिकारी एवं कर्मचारी दोषी है, यदि दोषी है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो, इसके लिये आवश्यक सुझाव अथवा अन्य बिंदु जो घटना के संबंध में महत्वपूर्ण हो, शामिल है।

# संस्था ने किया पुलिस कर्मियों को सम्मानित।



वासुदेव मिश्रा रिपोर्टर

**ग्वालियर।** पड़ाव थाना प्रभारी डॉ ज्ञानेंद्र सिंह, कंपू थाना प्रभारी के एन त्रिपाठी एवं कंपू यातायात थाना प्रभारी सूबेदार अनुपम भदोरिया सहित मौजूद पुलिसकर्मियों को गौरवशाली सामाजिक संस्था ने लॉकडाउन में जिस प्रकार से सतर्कता दिखाते हुए कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वहन करने हेतु तथा संस्था के संकल्प कोई भूखा ना सोए के समर्थन करने हेतु संस्था के संरक्षक इंजीनियर विजय शर्मा,अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा,वासुदेव मिश्रा, बरखा श्रीवास्तव, नीलम कुशवाह, प्रियंका झा,प्रमोद सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए आभार पत्र देकर सम्मानित किया।

## दो नमूने अमानक पाए जाने पर क्रय-विक्रय एवं परिवहन प्रतिबंधित

**ग्वालियर।** खरीफ कार्यक्रम के तहत किसानों को कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिले में अमानक स्तर का कीटनाशक किसानों को न विक्रय हो सके, इसके लिये कृषि विभाग द्वारा निरंतर जांच कर नमूने परीक्षण हेतु भेजे जाते हैं। परीक्षण के उपरांत 2 नमूने अमानक स्तर के पाए जाने पर उपसंचालक कृषि डॉ. आनंद कुमार बड़ोनिया ने अमानक कीटनाशक का क्रय-विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

# मेडीकल एवं आपातकालीन स्थिति में ऑफलाइन अनुमति प्रदान की जायेगी

### संयुक्त कलेक्टर भार्गव एवं डिप्टी कलेक्टर श्री खेमरिया को सौंपी जवाबदारी

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये ग्वालियर शहर में 7 दिन के लिये कर्फ्यू लगाया गया है। कर्फ्यू की अवधि में मेडीकल एवं अन्य इमरजेंसी परिस्थितियों में जिले से बाहर आने-जाने वाले व्यक्तियों के लिये ऑफलाइन अनुमति प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कर्फ्यू की अवधि में जिले से बाहर आने एवं जाने वाले व्यक्तियों को अनुमति प्रदान करने हेतु संयुक्त कलेक्टर श्री विनोद भार्गव एवं डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव खेमरिया को अनुमति प्रदान करने का दायित्व सौंपा है। संयुक्त कलेक्टर श्री विनोद भार्गव मोबा. 9425116564 एवं डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव खेमरिया मोबा. 7987355917 कलेक्ट्रेट कार्यालय में कर्फ्यू अवधि के लिये मेडीकल एवं अन्य इमरजेंसी परिस्थितियों में जिले से बाहर आने एवं जाने वाले व्यक्तियों की अनुमति के लिये आवेदन प्राप्त कर अनुमति प्रदान करने की कार्रवाई करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रभारी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को तैनात करने की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा है कि कर्फ्यू अवधि में जो भी आवेदन प्राप्त होते हैं उनका परीक्षण कर अनुमति प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। आपातकालीन परिस्थिति एवं मेडीकल इमरजेंसी होने पर व्यक्तियों को तत्काल अनुमति प्रदान करना सुनिश्चित करें।

# पुलिस थाना हजीरा जिला ग्वालियर ने शातिर बदमाश भीम जादौन निवासी चंदनपुरा को देशी कट्टा एवम दो जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।



**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) श्री पंकज पांडेय व नगर पुलिस अधीक्षक महाराज पुरा ग्वालियर श्री रवि भदौरिया के निर्देशन में पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर इंचार्ज थाना प्रभारी अभिलाष सिंह तोमर नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा की टीम ने भीम जादौन उर्फ चरण सिंह पुत्र स्वर्गीय रविंद्र सिंह जादौन उम्र 24 वर्ष निवासी चंदनपुरा को एन एस ए प्रकरण में आज सुबह फ्लेट नम्बर 101 अपार्टमेंट गोकुल बिहार सिटी सेंटर ग्वालियर से दबोचा। भीम जादौन के विरुद्ध श्रीमान कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी महोदय ग्वालियर श्री कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय ग्वालियर श्री नवनीत भसीन के प्रतिवेदन पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 (2) के अंतर्गत 3 माह के लिये एन एस ए कार्रवाई की ।भीम जादौन ने अपने भाई मंगल जादौन और लाली उर्फ मनीषा चौहान के साथ दिनांक 5/7/ 20 को फरियादी श्रीमती सुनीता राजावत पत्नी सुरेश सिंह राजावत निवास उम्र 40 वर्ष निवासी चंदनपुरा हजीरा को पुराने केस में राजीनामा करने की धमकी देकर कट्टा से जान से मारने की नियत से फायर किए थे भीम जादौन की तलाश थाना हजीरा के अपराध क्रमांक 197 / 20 धारा 307 ,294 ,506 ,34 ढ्कक्ष में भी थी ।जादौन के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर व दो जिंदा राउंड जब्त किए गए ।भीम जादौन पर थाना हजीरा में कुल 16 अपराध मारपीट ,अश्लील गालियां, देने जान से मारने की धमकी देने, अवैध शराब बेचने ,अवैध हथियार रखने, घर में घुसकर मारपीट करने, दहेज के ,अवैध चौथ वसूली करने व के हत्या के प्रयास के पंजीबद्ध हैं ।यह वर्ष 2012 से लगातार अपराध घटित कर रहा है इसे वर्ष 2019 में दिनांक 5/12 /19 को श्रीमान कलेक्टर महोदय ग्वालियर द्वारा 6 माह के लिए 7 जिला ग्वालियर, अशोकनगर, गुना ,शिवपुरी भिंड ,मुरैना व दतिया से तड़ीपार किया गया था । इसके भाई मंगल जादौन व साथी लाली उर्फ मनीषा चौहान की तलाश हत्या के प्रयास के प्रकारण में जारी है।भीम जादौन सेंटर में करुणा अपार्टमेंट फ्लेट नंबर 101 गोकुल बिहार सिटी सेंटर ग्वालियर को किराये से लेकर रह रहा था।भीम जादौन कोहजीरा पुलिस ने दबोचकर केंद्रीय जेल ग्वालियर भेजा ।उसे अब 3 माह तक ह्रू में केन्द्रीय जेल ग्वालियर में रहना होगा ।

पुलिस थाना हजीरा की टीम - पुलिस थाना हजीरा प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ,आरक्षक लेखराज गुर्जर आरक्षक कुलदीप तोमर ,आरक्षक राजीव शुक्ला ,राहुल राजावत,अशोक सिकरवार ,राजकुमार विमल, साइबर सेल के आरक्षक अभिषेक तिवारी वआरक्षक विश्व वीर जाट की मुख्य भूमिका रही

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं पीयू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन./31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478